## शिव पार्वती विवाह के बाद हुआ भंडारा

**ओरछी,अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के दूसरे दिन आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र के कस्बा ओरछी चौराहा स्थित शिव मंदिर पर शिव विवाह का आयोजन हुआ। शनिवार को एमएफ हाईवे मुरादाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग किनारे शिव मंदिर पर भगवान शंकर का विवाह हुआ। दुकानदारों व अन्य लोगों ने पूजा अर्चना की, महिलाएं भजन कीर्तन में मौजूद रहीं। नत्थू नाथ गोस्वामी ने शिव विवाह में भजन कीर्तन किए। शिव विवाह के बाद झांकी निकाली गई। डीजे की धुन पर भक्त जमकर झूमे। क्षेत्र के हजारों भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। श्याम, देवेश नाथ, अनुज, नेपाल, पंचू गोपाल, बंटी, अन्नी, नवीन आदि भक्त मौजूद रहे।

### जिले में बंजर पड़ी लगभग साढ़े तेरह हजार हेक्टेयर जमीन, रिकॉर्ड खंगाल रहा भूमि संरक्षण विभाग, पैमाइश के बाद होगा समतलीकरण

# बंजर जमीन पर लहलहाएगी फसल, भूमि संरक्षण विभाग कर रहा तैयारी

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** बढ़ती आबादी घटते संसाधन अब समस्या का बड़ा कारण बनता जा रहा है। उपजाऊ जमीनों का बंटवारा होने से एवं उन पर निर्माण कार्य होने से जमीन का रकबा दिन प्रतिदिन कम होता जा रहा है जिससे अनाज की उपज पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए अब जिले में बंजर और ऊसर जमीन का समतलीकरण कराया जाएगा। सभी तहसीलों में बंजर जमीनों का रिकार्ड खंगाला जाएगा, जिससे वहां पर खेती योग्य जमीन को बनाया जा सके।

जनपद में इस समय साढ़े तीन लाख हेक्टेयर जमीन पर विभिन्न


समतलीकरण करने के बाद ऐसे तैयार होंगे खेत।

तरह की फसलें होती हैं। इस बड़े रकबे पर मुख्यतः रबी और खरीफ की फसलों को उगाया जाता है। यह रकबा सभी पांचों तहसीलों को मिला कर राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। इस जमीन पर किसानों के नाम दर्ज हैं।

> जनपद में कुल 13 हजार हेक्टेयर से अधिक जमीन बंजर और ऊसर पड़ी है। इस पर कोई फसल नहीं हो रही है। अधिकांश जमीन मैदानी है। यदि यहां पर समतलीकरण शुरू हो जाए तो क्षेत्रीय गरीब किसानों को इसका लाभ मिल सकता है। इस पर शासन स्तर से प्रयास शुरू किए गए हैं।
>
> **-दुर्गेश कुमार** - जिला कृषि अधिकारी

> जिले में बंजर भूमि का रिकॉर्ड खंगाला जाएगा और यह देखा जाएगा कि किस तहसील में कहां पर कितनी जमीन ऊसर और बंजर पड़ी है। उसका समतलीकरण किया जाएगा। राजस्व का रिकॉर्ड खंगाला जाएगा। भूमि संरक्षण विभाग ने सभी तहसीलों से राजस्व रिकार्ड मांगा है। जल्द ही जमीन का पूरा विवरण मिल जाएगा उसके बाद समतलीकरण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
>
> **-सतीश यादव** - भूमि संरक्षण अधिकारी

जो अपने अपने हिस्से की जमीन पर फसल उगाते हैं और अपने परिवार का जीवन यापन करते हैं। जमीन के छोटे से टुकड़ों पर हल चला कर अनाज उगाने वाले किसान का परिवार भी बढ़ रहा है। इसलिए उनकी जमीन का बंटवारा भी हो रहा है। बंटवारे में जमीन हर साल कम होती जा रही हैं। इसके साथ ही कृषि योग्य भूमि का रकबा कम होने के पीछे बढ़ती आबादी भी एक बड़ा कारण है। खेतों में मकानों का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे जमीनों का रकबा साल दर साल कम होता जा रहा है। उपजाऊ जमीन का रकबा बढ़ाने को अब भूमि संरक्षण विभाग ने काम शुरू कर दिया है। विभाग ने पांचों तहसीलों की खसरा खतौनी खंगालनी शुरू कर दी है। जिससे यह पता लगाया जा सके कि कहां पर किसके पास कितनी जमीन है और बंजर भूमि किस तहसील में कितनी है। बंजर और ऊसर भूमि को उपजाऊ बनाने की तैयारी की जा रही है।

भूमि संरक्षण विभाग के अभिलेखों में सदर तहसील के कछला क्षेत्र में करीब एक हजार हेक्टेयर से अधिक जमीन ऐसी है जिसका समतलीकरण किया जा सकता है। यदि इस जमीन का समतलीकरण हो गया तो यहां अनाज का उत्पादन शुरू हो जाएगा। इसके बाद दातागंज क्षेत्र में करीब पांच हजार हेक्टेयर जमीन बंजर पड़ी है। इस जमीन का रिकार्ड खंगाला जाएगा, जिससे बंजर और ऊसर जमीन की पूरी जानकारी हो सके। इसी तरह सहसवान क्षेत्र में भी तीन हजार हेक्टेयर से अधिक जमीन बंजर है। इधर महावा नदी के आस पास का काफी बड़ा रकबा है इस पर किसान खेती नहीं करते हैं। बाढ़ के दिनों में इस रकबे पर महीनों तक पानी भरा रहता है। हालांकि यह जमीन बंजर और ऊसर नहीं है फिर भी खाली पड़ी रहती है। यह जमीन राजस्व रिकार्ड में दर्ज हैं । इन पर किसी किसान का कब्जा नहीं है। उसहैत क्षेत्र में भी करीब एक हजार हेक्टेयर भूमि ऊसर पड़ी है, इसका समतलीकरण किया जाएगा। बिसौली और बिल्सी तहसीलों में भी करीब दो-दो हजार हेक्टेयर से अधिक जमीन खाली पड़ी है। इन जमीनों को हर साल थोड़ा-थोड़ा कर समतलीकरण किया जाएगा जिससे उपजाऊ जमीन का रकबा बढ़ सके। इस जमीन को छोटे किसानों को पट्टे पर दिए जाने की योजना है, जिससे एक ओर किसान इस जमीन पर खेती करके अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकेंगे वहीं दूसरी ओर जिले में कृषि योग्य भूमि का रकबा भी बढ़ेगा।

# कोच ढूंढ़ने में अब यात्रियों को नहीं होगी परेशानी

## रेलवे स्टेशन पर शुरू हुआ कोच गाइडेंस सिस्टम

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

अमृत विचार : एक्सप्रेस ट्रेनों में कोच की जानकारी देने के लिए रेलवे स्टेशन पर एक साल पहले कोच गाइडेंस सिस्टम लगने शुरू हुए। अब रेलवे प्रशासन ने कोच गाइडेंस सिस्टम चालू कर दिया है। एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को अब अपने कोच की जानकारी मिल जाएगी और उन्हें कोच तलाशने के लिए प्लेटफार्म पर दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी।

बड़े-बड़े महानगरों में रेलवे स्टेशनों पर काफी पहले से कोच गाइडेंस सिस्टम लगाए जा चुके हैं। कोच गाइडेंस सिस्टम लगने से एक्सप्रेस ट्रेनों में कोच की जानकारी प्लेटफार्म पर लगे डिस्प्ले बोर्ड पर देखने को मिल जाती है। जिससे यात्रियों को अपना कोच तलाश करने में दिक्कत नहीं होती है। इसी तरह यहां पर एक साल पहले रेलवे स्टेशन पर कोच गाइड सिस्टम लगाने का कार्य शुरू किया गया। रेलवे स्टेशन के फर्श को तोड़ कर उसके


स्थानीय रेलवे स्टेशन। ● अमृत विचार

नीचे तार डाले गए और रेलवे स्टेशन पर लगाए गए करीब दो दर्जन कोच गाइडेंस सिस्टम एक दूसरे से कनेक्ट कर दिए गए हैं। कोच गाइडेंस सिस्टम पूरी तरह लगने के बाद 8 मार्च को चालू कर दिए गए। यह कोच गाइडेंस सिस्टम एसी, स्लीपर और जनरल कोच की जानकारी देंगे। जिससे एक्सप्रेस ट्रेन में सफर करने वालों को दिक्कत नहीं होगी। इस समय यहां से गुजरने वाली कुछ ही ट्रेन एक्सप्रेस हैं, जिनमें यात्रा की जा सकती है। इनमें बांद्रा एक्सप्रेस सप्ताह में शुक्रवार को यहां से गुजरती है। दूसरी आगरा फोर्ट


रेलवे स्टेशन पर लगाया गया कोच गाइडेंस सिस्टम।

सोमवार, बुधवार और शनिवार को चलती है। अन्य ट्रेनों की जानकारी पूर्ववत ही मिलेगी।

## दस रुपए में बरेली और बीस में पहुंचेंगे कासगंज

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

- **रेलवे ने कम किया पैसेंजर ट्रेन का किराया**

**अमृत विचार :** करीब चार साल बाद रेलवे प्रशासन ने पैसेंजर ट्रेनों का किराया कम किया है। बरेली जाने के लिए अब मात्र दस रुपए खर्च करने होंगे जबकि कासगंज जाने के लिए बीस रुपए वहन करने होंगे। एक्सप्रेस ट्रेनों का किराया यथावत रहेगा।

रेलवे के वाणिज्य अधीक्षक गुमान सिंह ने बताया कि कोरोना काल में पैसेंजर ट्रेनों को मेल बनाकर चलाया जा रहा था। जिससे यात्रियों को इन ट्रेनों में सफर करने के लिए एक्सप्रेस का किराया देना पड़ रहा था। अब उन्ही ट्रेनों को पैसेंजर बना दिया गया है और किराया घटा दिया गया है। अब बदायूं से बरेली जंक्शन जाने को 30 रुपये की बजाए मात्र दस रुपये देने होंगे। बरेली सिटी जाने के लिए 15 रुपए देने होंगे। इसी तरह बदायूं से उझानी जाने को दस रुपए देने होंगे और कासगंज जाने के लिए बीस रुपए देने होंगे।

बदायूं से मथुरा जाने पर 40 रुपए देने होंगे। वाणिज्य अधीक्षक ने बताया कि किराया कम करने के लिए रेलवे प्रशासन को अभी कोई आधिकारिक पत्र नहीं मिला है। हालांकि 8 मार्च से किराया कम करने की सूचना दी गयी है जिसके बाद से किराया कम किया गया है। उन्होंने बताया कि अभी पैसेंजर ट्रेनों में एक ट्रेन कासगंज से चलकर सुबह 7:30 बजे यहां पहुंचती है। दूसरी दोपहर 12:30 बजे कासगंज से चल कर यहां पहुंचती है जबकि तीसरी ट्रेन रात 10: 45 बजे यहां पहुंचती है। यह तीनों ट्रेनें पैसेंजर हैं।

## गंगा हमारी सांस्कृतिक और पौराणिक विरासत

**उझानी,अमृत विचार :** गांव संजरपुर बालजीत में गंगा कक्षा का आयोजन किया गया। प्रदेश तथा जिले में प्रथम बार गंगा कक्षा कराई गई है। गंगा कथा का आरंभ मुख्य अतिथि रहे जिला सामाजिक वानिकी अधिकारी प्रदीप कुमार वर्मा ने मां गंगा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

गंगा कथा वाचक अमरीष महाराज ने कहा की गंगा को जीवित नदी का दर्जा प्राप्त है। गंगा समूल कष्ट का नाश करती है। हमें अपनी पृथ्वी, पशु पक्षी, पेड़ पौधों के बारे में सोचना है नदी और गंगा के बारे में सोचना है , क्योंकि ये सभी हमारे नहीं अपितु जगत का कल्याण करते हैं। गंगा का पुण्य लाभ हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए मिले इसके लिए हम सभी को जागरूक होना पड़ेगा । इस मौके पर कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी दुर्गेश कुमार और एसडीआईओ कमल कुमार, अशुतोष कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह , ऋषभ चौहान, विनय कुमार सिंह , संध्या सिंह, अंकिता सिंह, जगदीश नोनिया चौहान आदि मौजूद रहे।

## मासिक पंचायत में छाया रहा छुट्टा गोवंश का मुद्दा


एलआईयू को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता। ● अमृत विचार

**संवाददाता, उझानी**

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानु गुट की मासिक पंचायत नगर पालिका गेट पर आयोजित की गई जिसमें चार सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन एलआईयू को सौंपा गया।

शनिवार को नगर पालिका गेट पर आयोजित भाकियू की मासिक पंचायत में किसान नेताओं ने कहा कि कस्बा और आस पास के क्षेत्र में जंगली सूअर, छुट्टा गोवंश और बंदरों को लेकर बड़ी समस्या है। किसान रात भर जाग कर खेतों की रखवाली करते हैं। पंचायत में कहा गया कि यूपी ग्रामीण बैंक में दलाल सक्रिय हैं। किसानों से पैसे लिए जाते हैं, उसके बाद उनका काम किया जाता है। इस मामले की जांच कराने के बाद दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सहकारी मंडी समिति में किसान विश्रामगृह की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए, पेयजल व्यवस्था कराने के अलावा नगर व ब्लॉक क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार का वितरण प्रत्येक माह कराया जाए। बैठक में मंडल अध्यक्ष अनवीर सिंह, संगठन मंत्री दीपक, बरेली से आए रामस्वरूप, शिशुपाल, सूरत शाक्य, दुर्गेश, कमलेश, ताराचंद ,सत्यपाल ,दामोदर साहू, राम सिंह आदि रहे।

# सोही सिद्धपीठ के संत विदेह नंदनी शरण ब्रह्मलीन, अंतिम दर्शन को जुटे अनुयायी

**संवाददाता, बिसौली**

- **संत विदेह नंदनी शरण को अयोध्या में दी जाएगी समाधि**
- **कई दिनों से बीमार थे, बरेली में चल रहा था इलाज**

**अमृत विचार:** सोही सिद्धपीठ के संत विदेह नंदनी शरण बरेली में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 75 साल के थे। पिछले कई दिनों से उनका बरेली रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। शनिवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। सूचना मिलते ही मंदिर पर हजारों शिष्यों का हुजुम आश्रम लग गया। शिष्य संत शरण महाराज ने बताया शाम सात बजे स्वामी का पार्थिव शरीर अपने सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर आश्रम रामसेवक पुरम अयोध्या धाम लेकर रवाना हो गए। रविवार सुबह अयोध्या में सरयू नदी में जल प्रवाह होगा।

विदेह नंदनी शरण महाराज मूलरूप से मदनापुर के निवासी थे। उनके शिष्यों ने बताया कि संत विदेह नंदनी शरण महाराज का वर्ष 1965 में सोई में आगमन हुआ था।


संत विदेह नंदनी शरण।

इसके बाद वह यहीं के होकर हर गए। उन्होंने गांव में आश्रम का निर्माण कराया था। वह सुबह शाम भगवान के ध्यान में लीन रहते थे। इसके लिए उन्होंने आश्रम में एक गुफा का भी निर्माण करवाया था, जिससे वह एकांत में बैठकर ध्यान कर सकें। वर्तमान समय में उनके हजारों शिष्य हैं। उनमें कई मंत्री, विधायक और अधिकारी शामिल हैं। उनके निधन का समाचार मिलने पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी, शहर विधायक महेश चंद्र गुप्ता समेत कई नेता पहुंच गए। पार्थिव शरीर को बरेली से आश्रम पर लाया गया। दोपहर बाद उनके शिष्य उन्हें अयोध्या ले गए। वहीं उन्हें समाधि दी जाएगी। उनके शिष्य संत शरण महाराज ने बताया कि उन्हें अयोध्या में समाधि दी जाएगी।

### महाराज के कई स्थानों पर हैं आश्रम

विदेह नंदनी शरण महाराज का एक आश्रम मदनापुर में ही बना हुआ है। इसके अलावा शिवपुरी, वृंदावन, ऋषिकेश और अयोध्या में भी उनके आश्रम हैं। उनके लाखों की संख्या में अनुयायी एवं शिष्य हैं। रामजनभुमि आंदोलन के अग्रणी संत गोरक्ष पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन पूज्य महंत अवैद्यनाथ महाराज से स्वामी जी की नजदीकी किसी से छिपी नहीं है। विदेह नंदिनी शरण महाराज का आध्यात्मिक जीवन अयोध्या धाम से ही शुरू हुआ था और उनकी मान्यता उच्च कोटि के संत के रूप में है।

## बालाजी महाराज पर चोला चढ़ाकर किया प्रसाद वितरण

**बिल्सी,अमृत विचार:** नगर के तहसील रोड स्तिथ ओम शिव शक्ति मंदिर पर फाल्गुन माह के शनिवार को श्री बालाजी भक्त मंडली के सेवादारों ने बालाजी महाराज पर चोला चढ़ाया।

यहां सबसे पहले श्री बालाजी महाराज को गंगा जल से स्नान कराया गया। फिर राम नाम का जप करते हुए बाबा को चोला चढ़ाया गया। फिर बाबा को चांदी के वर्क अर्पण कर श्रृंगार किया गया। भक्तों का कहना है कि जो भी व्यक्ति बालाजी महाराज पर चोला चढ़ाता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। बाद में यहां हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। बाद में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सौरभ देवल, जितेन्द्र शर्मा, मयंक गुप्ता, अभिषेक देवल, निशांत देवल, ऋतिक देवल, उदय राज कोहली, बंटी माथुर, अरविन्द माथुर, धीरज सागर आदि मौजूद रहे।

# विज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने जीते उपहार

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं/ बिल्सी**

**अमृत विचार:** बीआरसी केंद्रों पर ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया रहा है। शनिवार को अंबियापुर और जगत ब्लॉक परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर कक्षाओं के बच्चों ने प्रतिभाग किया। विजेताओं को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

ब्लॉक संसाधन केंद्र अम्बियापुर पर विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 222 बच्चों ने प्रतिभाग किया गया। उच्च प्राथमिक स्कूल में कक्षा सात के छात्र आशीष कुमार प्रथम, सिरासौल स्कूल में कक्षा आठ की छात्रा हेमलता ने दूसरा और तथा इसी स्कूल के छात्र अनुभव सिंह चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता रहे टॉप 10 छात्र जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी गौतम प्रकाश ने विजेताओं और प्रतिभागी छात्रों को स्टेशनरी किट प्रदान की।


विजेता बच्चे को पुरस्कृत करते बीईओ गौतम प्रकाश।

- **ब्लॉकों पर आयोजित किए गए कार्यक्रम, जूनियर कक्षाओं के बच्चों ने किया प्रतिभाग**

इस मौके पर वीना सिंह, अर्चना शंखधार, अगरपाल सिंह, धीरेन्द्र सिंह, राकेश यादव आदि उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर

वहीं विकासखंड जगत में हुई विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 8 के छात्र सुमित ने प्रथम, कक्षा 6 के शिवकुमार ने द्वितीय, कक्षा 7 के छात्र नितिन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 7 के ऋषि शर्मा ने चौथा कक्षा 8 के प्रभात आर्य ने पांचवा और कक्षा 8 की छात्रा सहाना ने छठा स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी ने शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर राजीव कुमार, मुकेश कुमार, हरिनंदन सिंह, अमित यादव, रामवीर सिंह आदि मौजूद रहे।


विज्ञान प्रतियोगिता में उपस्थिति बच्चे और शिक्षक। ● अमृत विचार

### मास्टर ट्रेनर ने शिक्षकों को किया प्रशिक्षित

**कादरचौक।** ब्लॉक क्षेत्र के बीआरसी केंद्र पर पांच दिवसीय द्वितीय चरण समावेशी शिक्षा का प्रशिक्षण चल रहा है। जिसमें मास्टर ट्रेनरों द्वारा शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों को शिक्षण कार्य कैसे कराया जाए, इसके प्रति जागरूक किया। मास्टर ट्रेनर सुरेश मिश्रा ने दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए शिक्षण की प्रविधियां, कक्षा-कक्ष प्रबंधन, पाठ्य सहगामी क्रियाएं एवं अधिगम के लिए सार्वभौमिक अभिकल्प और दिव्यांग जनों की शिक्षा में सूचना व संप्रेषण तकनीकी तथा निदानात्मक शिक्षण की बारीकियों से शिक्षकों का अवगत कराया। इस मौके पर अंकित नारंग, ललित कुमार महेश्वरी, जॉनी भास्कर, पवन थरू, रूबी त्यागी, योगेश कुमार शर्मा, रजा अहमद, गुलाब सिंह यादव, मुकेश, पारुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

**परेशानी** | शाहजहांपुर से ट्रांसफर होकर आए डॉ . शौकत चार्ज लेने के बाद से नहीं आए, सीएमएस बोले-उच्चाधिकारियों को दी जा चुकी है जानकारी

# जिला अस्पताल में नहीं है बाल रोग विशेषज्ञ, बिना इलाज लौट रहे बच्चे

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** जिले के बीमार बच्चों को सरकारी स्वास्थ्य सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिला अस्पताल में एक साल से बाल रोग विशेषज्ञ नहीं हैं। जिससे हर रोज दर्जनों बीमार बच्चे दवा लिए बिना ही लौट जाते हैं उन्हें देखने वाला कोई नहीं है। शनिवार को भी ऐसे कई बीमार बच्चे जिला अस्पताल में परिजनों की गोद में बेसुध पड़े दिखे, बच्चों का डॉक्टर न होने के कारण परिजन उन्हें लेकर वापस लौट गये।

जिला अस्पताल में 2022 दिसंबर में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुकुमार अग्रवाल थे। वह उसी साल सेवानिवृत्त हो गये। उसके बाद जुलाई में यहां पर शाहजहांपुर के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शौकत को ट्रांसफर कर भेजा गया। शाहजहांपुर से यहां आकर बाल रोग विशेषज्ञ ने कार्यभार ग्रहण कर लिया उसके बाद वह वापस चले गए। वापस लौटने के बाद फिर यहां नहीं आए। जिससे बाल रोग विशेषज्ञ की कुर्सी आज भी खाली है। जिला अस्पताल में हर दिन बीमार बच्चों को लाया जाता है। लेकिन डॉक्टर नहीं होने से उन्हें इलाज नहीं मिल पाता है। शनिवार को कई परिजन बीमार बच्चों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। सीएमएस कार्यालय के बाहर बैठे परिजनों ने बताया कि वह सुबह से यहां बैठे हैं।


वार्ड में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

> छोटे बीमार बच्चों को मैं खुद देखता हूं । यहां पर बाल रोग विशेषज्ञ नहीं है इसलिए खुद ही बच्चों को देख रहे हैं फिर भी सभी बच्चों को दवाएं नहीं मिल पाती हैं। कुछ लोग वापस लौट जाते हैं। अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ न होने की बात स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों की जानकारी में है फिर भी यहां अभी कोई बाल रोग विशेषज्ञ नहीं भेजा गया है।
>
> **-डॉ. कप्तान सिंह** - सीएमएस ।

### मौसम की मार से बढ़ रहे बुखार के मरीज

**बदायूं।** बदलते मौसम की मार लोगों पर पड़ने लगी है। सर्दी के बाद अचानक धूप निकलने से सर्दी बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। शनिवार को कई गंभीर मरीजों को भर्ती कराया गया। अब अस्पताल के वार्ड भी फुल होने लगे हैं। तीन दिन पहले हल्की बारिश और तेज हवा के चलते मौसम ठंडा हो गया। उसके बाद अब धूप निकलने लगी है। मौसम में अचानक तेजी से हो रहे बदलाव के कारण लोगों को सर्दी जुकाम और बुखार होने लगा है। बदलते मौसम से श्वास के मरीजों को परेशानी अधिक हो रही है। श्वास के सात मरीजों को शनिवार को भर्ती कराया गया जबकि कुछ बुखार के मरीजों को भी गंभीर हालत में भर्ती कराया गया। शनिवार को ओपीडी में करीब 50 नए मरीज आए, जिनमें अधिकांश जुकाम-बुखार के थे। फिजीशियन डॉ. स्वतंत्रपाल सिंह ने बताया कि अचानक सर्दी-गर्मी बनने से लोगों को जुकाम बुखार हो रहा है। इस समस्या से श्वास के मरीजों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। लोगों को इस समय फुल कपड़े ही पहनने चाहिए जिससे शरीर के तापमान में अचानक बदलाव न आए और बीमारी से बचा जा सके। तीन दिन से मौसम साफ होने से धूप निकलने के कारण लोगों ने हल्के और कम कपड़े पहनने शुरू कर दिए हैं जिससे सर्दी बुखार की चपेट में आ रहे हैं।



### बीमार बेटे को लेकर भटकते रहे बृजकिशोर

**केस 1** ग्राम लहरा निवासी बृजकिशोर ने बताया कि उनका दो साल का बेटा कई दिनों से बीमार है। कई डॉक्टरों को दिखाया लाभ नहीं मिला तो यहां लेकर आये हैं। यहां पर बच्चों का डॉक्टर नहीं है। अब लौट कर जा रहे हैं। प्राइवेट डाक्टर को ही दिखाएंगे। यहां तो नाम का सरकारी अस्पताल है। बच्चों का कोई डॉक्टर नहीं है।

### दो घंटे तक बैठे रहे नहीं मिली दवा

**केस 2** ग्राम धर्मपुर से आए नेत्रपाल ने बताया कि तीन साल की बच्ची सारांश बोल नहीं सकती है। कई दिनों से बीमार हैं वह उसे लेकर आए हैं मगर यहां पर बच्चों का डॉक्टर ही नहीं है। दो घंटे से बैठे हैं दवा नहीं मिली है।

# कैली के पंचायत घर में ताला ग्रामीण हो रहे परेशान

**संवाददाता, कुंवरगांव**

- **शिकायत करने के बाद भी अधिकारी नहीं ले रहे संज्ञान**

**अमृत विचार :** ग्रामीणों की समस्याओं को हल करने के लिए शासन स्तर से बनाए गए पंचायत घरों पर ताले लटके रहते हैं जिससे ग्रामीणों को जाति, आय प्रमाण पत्र बनवाने को जिला मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ती है। ग्रामीणों ने प्ंचायत घर नियमित रूप से खोले जाने की मांग की है।

शासन द्वारा गांवों में बनाए गए पंचायत घरों में शासन की मंशा के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा है अधिकांश पंचायत घर बंद रहते हैं। विकास खंड सलारपुर के गांव कैली में भी पंचायत घर बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि इस पंचायत घर पर पंचायत सहायक की नियुक्ति है जिससे गांव के लोगों के जाति आय प्रमाण पत्र यहां पर बनाए जा सकें। पंचायत घर में न तो पंचायत सहायक बैठता है और न ही पंचायत सचिव यहां आते हैं। यहां पर अक्सर ताला लटका रहता है। गांव के लोगों को छोटे-छोटे कार्यों को जिला मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बंद पड़े पंचायत घर का वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर डाल दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत घर को खुलवाने के लिए कई बार खंड विकास अधिकारी से बात की गयी। फिर भी इस मामले पर किसी अधिकारी ने संज्ञान नहीं लिया है।

इस संबंध में एडीओ पंचायत खालिद अली का कहना है कि पंचायत सहायक के घर में घरेलू समस्या होने के कारण वह नहीं बैठ पा रहा है। जल्द ही उसे पंचायत घर पर बिठाया जाएगा।

जे.पी. क्लीनिक

डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन

- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।

हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है

पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206

सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

# खतौनी के लिए नहीं देने होंगे नगद रुपये, अब होगा ऑनलाइन पेमेंट

## सभी तहसीलों में लगेंगे क्यूआर कोड, पारदर्शी होगी प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- तहसीलों में लीड बैंक की ओर से लगाए जाएंगे क्यूआर कोड

**अमृत विचार:** किसानों के लिए तहसीलों से अब खतौनी की प्रमाणित प्रति लेने के लिए नगद रुपये नहीं देने पड़ेंगे। अब वह यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान कर खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त कर सकेंगे। यह नई व्यवस्था जिले की सभी तहसीलों में जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके लिए अग्रणी बैंक की ओर से तहसीलों में क्यूआर कोड को चस्पा किया जाएगा। जिससे किसानों को भुगतान करने में आसानी होगी।

जिले में पांच तहसील सदर, दातागंज, बिल्सी, बिसौली और सहसवान हैं। इन तहसीलों में प्रतिदिन करीब चार से पांच हजार किसान खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने के लिए आते हैं। खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने पहुंचने वाले किसानों के द्वारा आए दिन अधिक मूल्य लेने की शिकायतें की जाती हैं। इसको लेकर कई बार झगड़े वाली स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। ऐसी स्थिति को देखते हुए शासन स्तर से व्यवस्था में परिवर्तन करने के आदेश दिए हैं।

अब किसान खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने के लिए डिजिटल भुगतान कर सकेंगे। नई व्यवस्था लागू होने के बाद पारदर्शिता आएगी और किसानों की शिकायतों पर भी विराम लग जाएगा। हालांकि नगद भुगतान की भी व्यवस्था लागू रहेगी। माना जा रहा है कि ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था से तहसीलों में खतौनी काउंटरों पर छुट्टा पैसों को लेकर होने वाली खींचतान से भी निजात मिलेगी।

### खतौनी निकलवाने के लिए जाते हैं 15 रुपए

तहसीलों में प्रमाणित खतौनी निकलवाने के लिए किसानों से 15 रुपये लिए जाते हैं। काउंटरों पर छुट्टे पैसे देने के लिए तहसील कर्मचारियों द्वारा नोटिस चस्पा किया गया है। कई बार कृषक के पास छुट्टा रुपये नहीं होते। ऐसे में विवाद की स्थित अक्सर उत्पन्न होती है। जिस पर कर्मचारी मनमाने रुपये कृषक से वसूल लेते थे। इस स्थिति को देखते हुए शासन ने नई व्यवस्था शुरू जा रही है।

### बैंक तहसीलों को उपलब्ध कराएगी पीओएस मशीन

नई व्यवस्था के तहत तहसीलों में खतौनी लेने के लिए यूपीआई के माध्यम से किसानों को भुगतान करना होगा। संबद्ध बैंक की ओर से तहसीलों को स्टैटिक क्यूआर कोड, स्टैंड और पीओएस मशीन उपलब्ध भी कराई जाएगी। इसकी मदद से तहसील के खतौनी काउंटर पर डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था स्थापित की जाएगी।

राजस्व परिषद की ओर से तहसीलों में खतौनी काउंटरों पर डिजिटल भुगतान की व्यवस्था लागू करने का आदेश मिला है। जिसका पालन कराया जाएगा। इसके लिए लीड बैंक को निर्देशित कर दिया गया है कि तहसीलों में डिजिटल भुगतान की सुविधा जल्द उपलब्ध करा दें। जिससे आने वाली शिकायतों पर विराम लग सके।

–**वैभव शर्मा**, एडीएम वित्त एवं राजस्व।

# परिषदीय विद्यालय ने मनाया वार्षिकोत्सव, बच्चे सम्मानित



प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कृत करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, बदायूं

- प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**अमृत विचार :** विकास क्षेत्र जगत के पूर्व माध्यमिक विद्यालय उनौला में वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि उप-शाखा प्रबंधक पीएनबी आरपी सिंह एवं ग्राम प्रधान भगवान दास, वासुदेव, एसएमसी अध्यक्ष किशनपाल एवं समाजसेवी निर्भान सिंह यादव ने मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम में शिक्षा, खेल, अनुशासन, रचनात्मक गतिविधियों में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राओं को प्रतीक चिह्न देकर उत्साहवर्धन किया गया। कक्षा 6 व 7 के छात्र-छात्राओं ने वरिष्ठ छात्रों को विदाई दी। सम्मानित किए जाने वाले बच्चों में सुषमा, कामिनी, तनिष्क, अक्षरा, नैंसी, खुशबू, ममता, लकी, प्रियांशु वंशिका, राधा, रोहित, करिश्मा शिवांगी, शिवम, राजाबाबू, लव कुमार वीना, क्रांति रहे। शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए सुरभि, रुचि आदि रहे।

# हजरत मारहरवी का 70 वां उर्स मनाया, की गई दुआ



मनकत अशआर पढ़ते शायर अहमद अमजद कादरी बदायूंनी।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कुल की महफिल में मुल्क व कौम के लिए मांगी दुआएं


**अमृत विचार :** मदरसा बरकाती रजबिया कादरी चौक मोहल्ला नागरान में हजरत ताजुल उलमा मारहरवी का 70 वां सालाना उर्स नबीराए आला हजरत अल्लामा अहसन रजा खां सज्जादानशीन खानकाह रजविया बरेली शरीफ की मौजूदगी में मनाया गया।

उर्स की शुरुआत सुबह बाद नमाजे फज्र कुरान ख्वानी से हुई। बाद नमाजे असर चादर शरीफ का जुलूस निकाला गया। बाद नमाजे मगरिब नात ओ मनकबत की महफिल सजी जिसमें तरन्नुम के बेहतरीन शायर अहमद अमजदी कादरी बदायूंनी ने मनकबत के अशआर पढ़े। शमसुद्दीन "शम्स मुजाहिदी" बदायूंनी ने नात पढ़ी तो नातख्वां अंबर रजा बरकाती, साकिब रजा बरकाती, नाजिम रजा, आबिद रजा ने नात ए पाक पेश कर वाहवाही लूटी। मुफ्ती कमर रजा रिजवी, साहिबे सज्जादा सफदर हसन, खलीफा ए मजहरुल उलमा खालिद रजा नूरी, अच्छे मियां बरकाती आदि उलमाए इकराम की रूहानी और पाकीजा तकरीर पेश करते हुए सीरत ए हुजूर ताजदारे मदीना हजरत मुहम्मद मुस्तफा सल्ललललाहो अलैह वसल्लम के नक्शे कदम पर चलते हुए जिंदगी गुजारने को कहा। बाद नमाजे इशा कुल की फातिहा के बाद मुल्क व कौम की सलामती और खुशहाली के लिए दुआ की गई।

# यूपी बोर्ड परीक्षा समाप्त, अब परिणाम का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शनिवार को संस्कृत और ट्रेड विषयों की परीक्षा के बाद यूपी बोर्ड का हुआ समापन
- 16 मार्च से शहर में चार केंद्रों पर शुरू होगा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन



संकलन केंद्र पर कॉपी जमा करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा का शनिवार को इंटरमीडिएट संस्कृत विषय के पेपर के साथ समापन हो गया। आखिरी दिन हाईस्कूल और इंटरमीडएट का वैकल्पिक विषयों का पेपर था। इनमें 93 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ ही सचल दलों द्वारा केंद्रों पर छापामारी की गई, लेकिन एक भी परीक्षार्थी नकल करते नहीं पकड़ा गया। वहीं परीक्षा समाप्त होने के बाद विद्यार्थियों ने काफी सुकून महसूस किया। अब बिना किसी चिंता के होली पर्व मना सकेंगे। साथ ही उनके द्वारा परिजनों का हाथ भी बंटाया जा सकेगा। उन्हें अब परिणाम का इंतजार रहेगा। वहीं परीक्षा समाप्ति के बाद विभागीय अधिकारी 16 मार्च से शुरू हो रहे मूल्यांकन की तैयारी में जुट गए हैं।

शनिवार को प्रथम पाली में इंटरमीडिएट ट्रेड और हाईस्कूल की उर्दू विषय की परीक्षा संपन्न हुई। वैकल्पिक विषयों में 223 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 213 उपस्थित रहे और 10 अनुपस्थित रहे। वहीं हाईस्कूल उर्दू विषय में 775 पंजीकृत, 726 उपस्थित तथा 49 अनुपस्थित रहे। शाम की पाली में इंटरमीडिएट संस्कृत विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 820 पंजीकृत, 786 उपस्थित और 34 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

यूपी बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी को शुरू हुई थी। जिसमें कुल 64166 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से हाईस्कूल में 36,403 और इंटरमीडिएट 27,763 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा नकल विहीन कराने के लिए जिले को नौ जोन में बांटा गया था। साथ ही 24 सेक्टर तथा 99 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई थी। इसके अलावा कक्ष निरीक्षकों की कमी न रहे इसके लिए चार हजार से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। 17 दिनों तक चली परीक्षा के दौरान मात्र एक नकलची पकड़ा गया था। उसके द्वारा नकल की पर्ची चबाने के साथ ही कॉपी फाड़ दी गई थी। इस प्रकरण में परीक्षार्थी के खिलाफ केंद्र व्यवस्थापक द्वारा संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शेष परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इसके अलावा किसी भी कक्ष निरीक्षक आदि के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई है। परीक्षा समाप्त होने के बाद विभागीय अधिकारी 16 मार्च से शुरू होने वाले मूल्यांकन की तैयारी में जुट गए हैं। परीक्षकों को ड्यूटी लगाई जा रही है। मूल्यांकन केंद्रों का प्रस्ताव बोर्ड को भेज दिया गया है। सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं।

### 13 और 14 मार्च होगी छुटे परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा

यूपी बोर्ड के इंटर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं में छूटे हुए परीक्षार्थियों की परीक्षा 13 व 14 मार्च को होगी। जिला मुख्यालय पर परीक्षा होगी। डीआईओएस ने बताया कि जिन विद्यार्थियों की परीक्षाएं छूट गई हैं, वह पंजीकृत विद्यालय और डीआईओएस कार्यालय से संपर्क कर परीक्षा में शामिल हों। इसके बाद परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को कोई अवसर नहीं दिया जाएगा।

बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पूरी परीक्षा में एक नकलची पकड़ा गया था। अब मूल्यांकन की तैयारी की जा रही है। इसके लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाने का काम चल रहा है।

–**डॉ. प्रवेश कुमार**, डीआईओएस।

# धूमधाम से निकली भोले बाबा की बरात, झूमे भक्त

संवाददाता, बिल्सी



नगर में निकलती बरात में शामिल झांकी।

- जगह जगह हुआ स्वागत, पूरा कस्बा हुआ शिवमय

**अमृत विचार :** श्री महाकाल सेवा समिति के तत्वाधान में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में भगवान भोलेनाथ की बरात बड़े धूमधाम से निकाली गई। बरात में भगवान महाकाल की दूल्हे के रूप में झांकी सहित अनेक स्वचलित झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस दौरान नगर का पूरा वातावरण शिवमय हो गया। बरात के चलते बिल्सी का मुख्य बाजार सुंदर तरीके से सजाया गया। कहीं टेंट लगे तो कहीं मनमोहक झालरों से शहर को पाट दिया गया।

दोपहर 2 बजे भगवान भोलेनाथ की बरात अंबियापुर स्थित सम्राट अशोक चौक से प्रारंभ हुई जिसका क्षेत्रीय विधायक हरीश शाक्य ने फीता काटकर आरंभ किया। बरात साहबगंज, थाना मोड़ तिराहा, कटरा बाजार, अटल चौक, लोहा बाजार, बालाजी तिराहा, सिरासौल मार्ग, क्षत्रिय कॉलोनी, मोहल्ला नंबर 5, होली चौक होते हुए शिव शक्ति भवन मंदिर पर संपन्न हुई। दुकानदारों ने भगवान भोलेनाथ की बरात का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बरात में मसान की होली, चट्टी चट्टा, भगवान भोलेनाथ का श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, पंजाबी झांकी भी अपनी अलग ही छठा बिखेर रही थी। बरात में श्री महाकालेश्वर सेवा समिति द्वारा तैयार की गई बाबा की पालकी विशेष छठा बिखेर रही थी। बरात में समिति के पदाधिकारी रजनीश शर्मा कुलदीप वार्ष्णेय, कैलाश परमानंद वार्ष्णेय पंकज वार्ष्णेय, सिद्ध पीठ बालाजी धाम के महंत मटरु मल शर्मा, राजा बाबू वार्ष्णेय, ओम बाबू वार्ष्णेय, लव कुमार, सभासद गौरव माहेश्वरी, राहुल महेश्वरी, प्रखर महेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

## धर्मपाल सिंह ने देहदान का लिया संकल्प



**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग में धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम भोजपुर देहदान करने का संकल्प लिया है। एनाटॉमी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मुक्त्याज हुसैन एवं प्रमोद कुमार, लैब टैकनीशियन, बॉडी इन्जेक्टर द्वारा पंजीकरण कराया गया। प्राचार्य डॉ. एनसी प्रजापति ने धर्मपाल सिंह पाल को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. मुकेश बंसल, डॉ. अजीत गंगवार मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### विधायक ने सीसी सड़कों का किया लोकार्पण



**बिल्सी।** विधायक निधि से बिल्सी विधानसभा क्षेत्र के गांव रसूला, जामनी, ज्वालापुर, अब्बू नगर, कोतल नगला में सीसी रोड का निर्माण कराया गया है। शनिवार को विधायक हरीश शाक्य ने फीता काटकर सड़कों को ग्रामीणों के लिए समर्पित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा व मार्गदर्शन से बिल्सी विधानसभा क्षेत्र चौमुखी विकास के नए आयाम को छूएगा। भाजपा सरकार निरंतर बिना भेदभाव के विकास का कार्य कर रही है। इस अवसर पर श्याम सिंह कश्यप, योगेश तोमर, उपदेश तोमर, भगवान दास शाक्य, राहुल कश्यप, राजेश कश्यप, मुनेंद्र शाक्य, दिनेश, मुनीश शाक्य सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### शिक्षिकाओं को नेहरू युवा केंद्र ने किया सम्मानित



**बिल्सी।** बदायूं रोड स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल में शनिवार को नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में नारी शक्ति फिटनेस रन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के सभी महिला शिक्षिकाओं ने पांच सौ मीटर दौड़ में प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान पर रवीना (पीटीआई), द्वितीय स्थान पर निशा बी, तृतीय कनिका सोमानी, चतुर्थ स्थान पर नाहिद, पंचम स्थान पर शिवानी तथा पूनम पाल रहीं। विद्यालय के डायरेक्टर वीपी सिंह ने कहा कि अगर नारी शक्ति फिट रहेगी तो हमारा समाज और देश भी फिट रहेगा। इसलिए नारी शक्ति को फिटनेस पर ध्यान देना चाहिए। विद्यालय के एमडी राहुल कुमार ने कहा कि आज के समय में प्रत्येक नारी को स्वस्थ एवं फिट रहना आवश्यक हो गया है। एक स्वस्थ नारी ही परिवार को स्वस्थ रख सकती है। प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह ने मेरा भारत विकसित भारत अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर एकेडमिक हेड सीके शर्मा, डिसिप्लिन इंचार्ज बृजेश पाल सिंह, परमेंद्र सिंह, राखी गुप्ता, अंकित सिंह, पूनम चौहान, केशव शर्मा, रूबी मौर्य, सोनी शर्मा, ऐश्वर्या माहेश्वरी, तान्या जैन, स्नेहा जैन, सृष्टि सिसोदिया, काजल राठौर, रूमा सक्सेना, दीक्षा गुप्ता, साक्षी, हिना सैफी, ट्विंकल जैन, प्रशांत सिंह, अंजली सिंह, शिवानी गुप्ता, दीक्षा वार्ष्णेय, नाहिद सैफी, निशा बी, आंचल, कनिष्का सोमानी रवीना, अमन सिंह, पूनम पाल, सुमी गोस्वामी, कविता वार्ष्णेय, मनीष, सत्यवान, अवंतिका पटेल और राधिका माहेश्वरी शामिल रहे।

### गर्भावस्था में महिलाओं को लेनी चाहिए 8 घंटे की नींद

**बिल्सी।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री सुरक्षा मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र की करीब 85 से अधिक गर्भवती महिलाओं का टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए सलाह भी दी गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. चारु वार्ष्णेय ने बताया कि गर्भावस्था का समय एक बहुत नाजुक समय होता है। गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को पूरी नींद लेना चाहिए। इस मौके पर डॉ.जयश्री शर्मा, डा.प्रगति शर्मा, शशिवाला, नाजमीन, साइना, सुमन शर्मा आदि रहीं।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393




# बरेली-मथुरा राजमार्ग पर ट्रक की टक्कर से पलटा ट्रैक्टर, चालक की गई जान

## शनिवार सुबह लगभग साढ़े छह बजे राजकीय मेडिकल कॉलेज के पास हुआ हादसा

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर राजमार्ग के डिवाइडर से टकराकर पलट गया। चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस चालक को राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंची। जहां चिकित्सक ने चालक को मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी होने पर परिजन पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।


मृतक आसिफ अली।

थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव सालारपुर निवासी आसिफ अली (35) पुत्र रफीउद्दीन ट्रैक्टर चलाते थे। किसान उनका ट्रैक्टर किराए पर लेकर खेत पर काम कराते थे। उनके भतीजे मुशर्रफ ने थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव परमू में बंटाई पर खेत लिया था। जिसमें मक्का का बीज बोना था। आसिफ गुरुवार को अपना ट्रैक्टर और मक्का बोने वाली मशीन लेकर गए थे। शुक्रवार शाम तक खेत पर मक्का बुवाई और अन्य काम पूरे कराकर वह शनिवार सुबह ट्रैक्टर और मशीन लेकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। सुबह लगभग साढ़े छह बजे बरेली-मथुरा राजमार्ग पर राजकीय मेडिकल के पास पीछे से तेज रफ्तार से आए ट्रक ने मशीन और ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। ट्रैक्टर डिवाइडर से टकराकर पलट किया। आसिफ ट्रैक्टर के नीचे दब गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। घायल आसिफ को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ट्रैक्टर को टक्कर मारने वाले ट्रक की तलाश शुरू की है।


बरेली-मथुरा राजमार्ग पर डिवाइडर के पास पलटा पड़ा ट्रैक्टर। ● अमृत विचार

### ब्रेकर पर उछला ट्रैक्टर गिरकर किशोर की मौत

ओरछी। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव मुगर्रा निवासी कमल सिंह (17) पुत्र देवेंद्र सिंह शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर ट्रैक्टर-ट्राली पर बैठकर परिजनों के साथ पास के गांव में लगा मेला देखने गया था। मेला में खरीदारी और घूमने के बाद वह ट्रैक्टर की सीट पर बैठकर गांव आ रहा था जबकि उसके परिजन और ग्रामीण ट्रॉली पर भी बैठे थे। गांव मुड़िया और आसफपुर के बीच गांव दारनी के पास सड़क पर ब्रेकर आ गया। जिसकी वजह से ट्रैक्टर आगे से उछल गया। अचानक झटका लगने कमल सिंह जमीन पर जा गिरा। परिजनों के अनुसार वह ट्रैक्टर के पहिया से दब गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे जिला संभल की कोतवाली चंदौसी क्षेत्र के प्राइवेट अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## मानसिक मंदित किशोरी से दुष्कर्म एक गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार:** अमृत विचार : कोतवाली सहसवान क्षेत्र के एक गांव निवासी दो युवकों ने मंदबुद्धि किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता की मां आरोपियों के परिजनों धमकाने का आरोप लगा रही है।

सहसवान क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पांच मार्च को पुलिस को तहरीर दी कि उनकी 13 साल की बेटी मानसिक रोगी है। वह ठीक से बोल नहीं पाती है। वह 2 मार्च की शाम घर के पास मंदिर पर भंडारे में प्रसाद खाने गई थी। शिवा और अतुल उसे पकड़कर पास के तालाब पर ले गए जहां सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। सहसवान के प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह ने बताया कि एक आरोपी पकड़ा गया है और दूसरा फरार है। उसे जल्द पकड़ लिया जाएगा। महिला ने धमकाने के बारे में कोई शिकायत नहीं की है।

# चाचा की जमीन पर कब्जे की कोशिश, भतीजों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** चार भाइयों ने अपने चाचा की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। कोर्ट के आदेश पर बिल्सी कोतवाली पुलिस ने एक अधिवक्ता, चार भाइयों समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव रिसौली निवासी सूरजपाल सिंह ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पिता की सेवा के लिए उन्होंने शादी नहीं की। उनके दो बड़े भाई चंद्रपाल और हरपाल सिंह थे। बड़ा भाई चंद्रपाल झगड़ालू और शराबी किस्म के थे तो पिता संपत्ति देकर उन्हें अलग कर दिया था। दूसरे भाई हरपाल सिंह पंचायत सचिव थे। तकरीबन 40 साल पहले पिता की मौत के बाद तीनों भाईयों में संपत्ति का बराबर-बराबर हिस्सा करके बांट दिया गया था। आरोप है कि चंद्रपाल सिंह और उनके चार बेटों ने उनकी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से दो बार मारपीट और जान से मारने की कोशिश की। जिसके चलते उन्होंने हरपाल सिंह की पत्नी के नाम पर 30 अक्टूबर 2023 को अपनी जमीन का बैनामा कर दिया। 21 नवंबर को चंद्रपाल के बेटे राकेश कुमार, मुकेश कुमार, आकाश कुमार, दिनेश कुमार ने स्वेच्छा से दी गई उनकी संपत्ति के अधिवक्ता की मदद से वसीयत के फर्जी दस्तावेज तैयार कराए। एसडीएम कोर्ट में झूठा मुकदमा डाल दिया। घर पर सम्मन आने पर सूरजपाल को जानकारी हुई।

विरोध करने पर 25 जनवरी को भतीजे तमंचे और लाठी-डंडे लेकर आए। उनके साथ मारपीट की और जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि अब उनके दोनों भाइयों की मौत हो चुकी है। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली बिल्सी पुलिस ने राकेश कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह, आकाश कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह, वीरपाल सिंह राजपूत, अधिवक्ता अखिलेश सक्सेना व एक अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना, फर्जी दस्तावेज तैयार करने, मारपीट, धमकाने, बलवा आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

## एक नजर

### ट्रैक्टर ट्राली से टकराई बाइक, तीन लोग घायल

उसावां। शनिवार की शाम छह बजे के करीब उसहैत थाना क्षेत्र के ग्राम पाठक नगला निवासी रामविलास (68) पुत्र महाराम बाइक से कस्बा कलान जिला शाहजहांपुर आ रहे थे। बाइक पर बालेन्द्र (3) व बाल कृष्ण (6) पुत्र चन्दन निवासी ग्राम नरपत नगला भी अपनी मां के साथ बैठे थे। अकबरपुर रोड पर ग्राम राजानगला के पास ट्रैक्टर ट्राली मोड़ते समय बाइक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई, जिससे बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**बदायूं।** थाना बिनावर क्षेत्र के गांव लाहरपुर निवासी वीरेंद्र मौर्य शनिवार सुबह अपनी रिश्तेदारी में दावत खाने के लिए थाना मूसाझाग क्षेत्र के गावं गए थे। दावत खाने के बाद वह साइकिल से वापस लौटकर घर जा रहे थे। गांव जगुआसई के पास बाइक सवार ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। राहगीरों ने उन्हें दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### रिसौली मेले में उमड़ी भीड़

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव रिसौली में शिव तेरस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मेले में आस पास के गांव वनबेहटा, अकोली, हरगनपुर, भिलौलिया आदि गांवों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। मेला ग्राउंड में भारी भीड़ रही। मेले में सभी प्रकार के झूले लगे, जिसमें पूरे दिन महिला, पुरुष, बच्चे झूलों का लुत्फ उठाते रहे। मेले में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रही।

# 11 सीएचओ का वेतन रोकने को सीएमओ को लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कार्य में शिथिलता बरतने पर बिल्सी एमओआईसी ने लिखा पत्र

**अमृत विचार :** बिल्सी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात सीएचओ द्वारा ड्यूटी में शिथिलता बरतने की शिकायत सीएमओ से की गई है। साथ ही इन सभी 11 सीएचओ का वेतन रोकने को कहा गया है। सीएमओ ने कहा कि वह सोमवार को इस मामले की जांच करने के बाद कार्रवाई करेंगे।

बिल्सी सामुदायिक केंद्र पर करीब 22 कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर हैं। इनमें से 11 सीएचओ अपनी ड्यूटी के प्रति जिम्मेदार नहीं हैं। समय से नहीं आते हैं और जल्द घर चले जाते हैं। एमओआईसी डॉ. सर्वेश कुमार ने कई बार इन सीएचओ को समझाने का प्रयास किया, लेकिन यह लोग नहीं माने जिसके बाद शनिवार को उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अब्दुल सलाम खान को पत्र लिखा है कि इन 11 सीएचओ का वेतन रोक दिया जाए, यह स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी डयूटी के प्रति संवेदनशील नहीं है। इनकी कार्य शिथिलता के चलते स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू नहीं हो पा रही हैं।

प्रभारी सीएमओ डॉ. अब्दुल सलाम खान ने बताया कि वह आज बाहर हैं। सोमवार को पत्र देखेंगे उसके बाद जांच कराई जाएगी और फिर कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य सेवाओं में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिल्सी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया जाएगा। वहां की क्या स्थिति है देख कर बात की जाएगी।

## बाइक बचाने में ई-रिक्शा पलटा चार घायल

**बिल्सी, अमृत विचार :** बिसौली-नरैनी के मध्य स्थित गांव शरह बरौलिया के पास बाइक बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर एक ई-रिक्शा पलट गया। ई-रिक्शा में सवार चार लोग घायल हो गए।

गांव उघैती शर्की निवासी राजो पत्नी देवेश, प्रियांशु पुत्र राजीव, पिंटू पुत्र विद्याराम और देवेश पुत्र इतवारी लाल गांव शराह बरौलिया में लगे शिव तेरस का मेला देख कर ई-रिक्शा से वापस घर लौट रहे थे। मेला से कुछ ही दूरी को ई-रिक्शा तय कर पाया होगा तभी सामने से आ रही बाइक बचाने के चक्कर में ई-रिक्शा पलट गया। जिससे चारों लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद रेफर कर दिया।

# बीएसए ने नहीं किया रिलीव, शासन ने मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** चुनाव आयोग के निर्देश पर शासन ने जिले के पांच खंड शिक्षा अधिकारियों का स्थानांतरण अन्य जिलों में किया है। लेकिन उन्हें अभी तक कार्यमुक्त नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में शासन ने बीएसए से जवाब मांगा है। वहीं बाहर से आने वाले तीन बीईओ ने विभाग में अपनी आमद दर्ज करा दी है। परंतु उन्हें किसी भी ब्लॉक का प्रभार नहीं मिला है।

तीन साल से अधिक समय से जिले में कार्यरत पांच खंड शिक्षा अधिकारियों का स्थानांतरण अन्य जनपदों के लिए किया गया है। इनमें खंड शिक्षा अधिकारी सतीश चंद्र मिश्रा का शाहजहांपुर, सुनील कुमार शर्मा और शशांक शुक्ला का बरेली, हर्षित शर्मा व अमूल कुमार का पीलीभीत के लिए ट्रांसफर किया गया है। परंतु अभी तक विभागीय अधिकारी द्वारा इन्हें अभी तक रिलीव नहीं किया गया है। जबकि विभाग को ट्रांसफर आदेश प्राप्त हुए बीस दिन से अधिक का समय गुजर गया है। इसे लेकर सहायक शिक्षा निदेशक डॉ. ब्रजेश कुमार ने बीएसए को पत्र जारी रिलीव न किए जाने पर जवाब मांगा है। इधर कुछ ही दिन लोकसभा चुनाव के चलते कभी आचार संहिता लग सकती है।

- चुनाव आयोग के निर्देश पर शासन ने पांच बीईओ का किया है स्थानांतरण

ऐसे में स्थानांतरण पाने वाले खंड शिक्षा अधिकारियों को दूसरे जिले में पदभार ग्रहण करने में समस्या आ सकती है। वहीं जिले में दूसरे स्थानों से आने वाले खंड शिक्षा अधिकारी मनोज राम, दिलीप कुमार और प्रशांत कुमार राठौर ने विभाग में अपनी आदम दर्ज करा दी है। परंतु उन्हें किसी भी ब्लॉक का प्रभार नहीं मिल सका है।

### 2022 में बीएसए ने चेतावनी के बाद खंड शिक्षा अधिकारी को किया था रिलीव

वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव से पूर्व जिले में कार्यरत रहे खंड शिक्षा अधिकारी ब्रजेश कुमार का अन्य जिले में चुनाव आयोग के निर्देश पर स्थानांतरण शासन की ओर से किया गया था। परंतु राजनैतिक दबाव के कारण उन्हें रिलीव न किया जा सका। स्थानांतरण होने के बाद भी उनकी ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई थी। जिसकी जानकारी होने पर शासन ने बीएसए से स्पष्टीकरण मांग लिया था। साथ ही रिलीव नहीं करने की दशा में निलंबित करने की चेतावनी दे दी थी। बीएसए पर जब कार्रवाई की तलवार लटकी तब जाकर तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी को रिलीव किया गया था। ऐसा ही इस बार होने का अंदेशा है। अभी तक खंड शिक्षा अधिकारियों को कार्यमुक्त कर रिलीव नहीं किया है। जिस पर शासन ने बीएसए से जवाब मांगा है।

### जिले को मिले दो और बीईओ

शासन की ओर से जिले में दो और खंड शिक्षा अधिकारियों को भेजा है। इनमें बरेली में कार्यरत बीईओ विवेक शर्मा और बिजनौर में कार्यरत प्रीति पाल का जिले में ट्रांसफर किया गया है। इनके द्वारा एक-दो दिन में पदभार ग्रहण कर लिया जाएगा।

> खंड शिक्षा अधिकारियों की जिले में कमी है। इस कारण उन्हें रिलीव नहीं किया जा रहा है। अगर उन्हें रिलीव कर दिया तो कामकाज प्रभावित हो जाएगा। जो दो नए खंड शिक्षा अधिकारी जिले में और भेजे गए हैं, उन्होंने अब तक ज्वाइन नहीं किया है। उनके आने के बाद शासन को जवाब भेजा जाएगा।
>
> -स्वाती भारती, बीएसए

# फिर रुका राजकीय मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- दो खंडों में पूरा होना था कार्य, अधर में लटका निर्माण
- यूपी निर्माण निगम ने शुरू किया था निर्माण कार्य

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में यूपी निर्माण निगम ने अधूरी बिल्डिंग का निर्माण फरवरी के प्रथम सप्ताह में शुरू किया। उसके बाद कुछ दिन तक निर्माण चला और फिर बंद कर दिया गया जिसके बाद फिर मेडिकल कालेज की मान्यता पर खतरा मंडराने लगा है। यूपी निर्माण निगम को फिर से पत्र लिखा जाएगा जिससे निर्माण शुरू हो सके।

निर्माण पूरा न होने के कारण राजकीय मेडिकल कालेज की मान्यता रद्द होने का खतरा मंडराने लगा था। शासन ने जब निर्माण कार्य की रिपोर्ट तलब की तो मात्र 60 प्रतिशत ही निर्माण पाया गया। जिसके बाद मान्यता रद्द किए जाने की बात कही गई। पिछले साल नवंबर में राजकीय मेडिकल कालेज की रिपोर्ट शासन को भेजी गई थी। राजकीय मेडिकल कालेज में कई वार्ड बनाए गए हैं जो अर्द्धनिर्मित हैं। कुछ वार्ड का काम पूरा करा दिया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेज को चालू करा दिया गया। मानक के अनुसार राजकीय मेडिकल कालेज में करीब 80 प्रतिशत बिल्डिंग का निर्माण पूरा होना चाहिए तभी मान्यता मिल सकती है। लेकिन यहां 60 प्रतिशत निर्माण कार्य हो सका है फिर भी मेडिकल कालेज की मान्यता मिली हुई है। इस मामले को शासन स्तर से पिछले साल ही देखा गया, जिसके बाद दिसंबर में यूपी निर्माण निगम के अधिकारियों के साथ निर्माण पूरा कराने को लेकर दो दौर की बातचीत की गयी। जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद यूपी निर्माण निगम ने मात्र दो खंडों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। दो खंडों के बनने से यहां पर 80 प्रतिशत निर्माण हो जाएगा, जिसके बाद मेडिकल कालेज की मान्यता पर खतरा नहीं रहेगा। यूपी निर्माण निगम ने फरवरी के प्रथम सप्ताह में कार्य शुरू किया। कुछ दिनों तक काम चला उसके बाद कार्य बंद कर दिया गया। कार्य बंद होने के बाद राजकीय मेडिकल कालेज प्रशासन ने फिर से यूपी निर्माण निगम को पत्र लिखने की बात कही है। बता दें कि मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग का निर्माण कार्य वर्ष 2016 में शुरू हुआ था, लेकिन अब तक काम पूरा नहीं हो सका है।

> राजकीय मेडिकल कालेज में मात्र अभी नया निर्माण कुछ भी नहीं किया गया है। यूपी निर्माण निगम ने तीन महीने में दो खंडों का निर्माण कार्य पूरा करने की बात कही थी। अब कई दिनों से कार्य बंद है इसलिए निर्धारित अवधि में निर्माण पूरा होना असंभव है। अब फिर से यूपी निर्माण निगम अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा जिससे जल्द से जल्द निर्माण पूरा हो सके। निर्माण कार्य बंद होने की जानकारी जिलाधिकारी को भी दी जाएगी।
>
> -डॉ. एनसी प्रजापति - प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज बदायूं।

## भाकियू चढ़ूनी गुट की 11 को होगी कलेक्ट्रेट पर पंचायत

**बदायूं, अमृत विचार :** भाकियू चढ़ूनी गुट ने बैठक में निर्णय लिया कि विभिन्न समस्याओं को लेकर 11 मार्च को कलेक्ट्रेट पर पंचायत की जाएगी और किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। भाकियू चढ़ूनी गुट के जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने शनिवार को बैठक कर निर्णय लिया कि किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 11 मार्च को कलेक्ट्रेट स्थित मालवीय आवास गृह पर पंचायत की जाएगी। बैठक में सतीश साहू ने कहा कि इस समय जिले में छुट्टा गोवंश की समस्या से किसान जूझ रहे हैं फिर भी जिला प्रशासन मौन साधे बैठा है। इसके साथ ही कई अन्य समस्याएं भी हैं। इन समस्याओं को लेकर 8 सूत्रीय ज्ञापन प्रशासन को सौंपा जाएगा।

# दूसरे दिन भी नहीं मिला गंगा में डूबा युवक

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** गंगा में डूब रहे साथी को बचाने के प्रयास में एक युवक गंगा की तेज धार में बह गया। गोताखोरों ने दूसरे दिन भी गंगा में उसकी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। रविवार को भी गोताखोर गंगा में युवक की तलाश करेंगे।


गंगा में लापता गिरीश।

गांव म्यारी निवासी गिरीश पुत्र रामपाल गांव में अपने पड़ोसी नन्हें ठाकुर समेत दर्जन भर ग्रामीणों के साथ शुक्रवार को गंगा स्नान करने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली से अटैना गंगा घाट गए थे। स्नान के दौरान नन्हें ठाकुर गंगा में डूबने लगे तो गिरीश उन्हें बचाने के लिए गंगा में घुसे थे। उन्होंने नन्हें ठाकुर को बचा लिया लेकिन वह गंगा की तेज धार में बह गए। शुक्रवार देर शाम तक गंगा में उनका पता न चलने के शनिवार को भी तलाश हुई लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उम्मीद की आस लिए परिजन गंगा घाट पर डेरा जमाए रहे। गिरीश के चचेरे भाई शिव सिंह और ग्रामीणों ने डीएम से एनडीआरएफ टीम से गिरीश की तलाश कराने की मांग की है। दातागंज एसडीएम धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गंगा में जाल डलवाकर युवक की तलाश कराई जाएगी।

## जेसीबी से गड्ढा खोदकर दफन कराया गोवंश

**ओरछी, अमृत विचार :** विकासखंड आसफपुर केकस्बा ओरछी चौराहे पर गोवंश की मौत हो जाने पर लोगों ने जेसीबी से गड्ढा खुदवा कर दफना दिया।

शुक्रवार को मुरादाबाद राजमार्ग पर एक गोवंश की मौत हो गई। सड़क किनारे पड़े गोवंश के शव को समाजसेवियों ने जेसीबी से एक जगह गड्ढा करा कर उसमें दफन करा दिया। क्षेत्र में गोवंश की संख्या अधिक है जो हाईवे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में दौड़ते रहते हैं। सड़क पर दौड़ते गोवंश से हादसों की आशंका बनी रहती है। गोवंश से टकरा कर वाहन स्वामी चोटिल होते रहते हैं। लोगों ने गोवंश को गोशाला में संरक्षित कराने की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### दिव्यांग महिला से मारपीट, महिला आयोग से की शिकायत

**बदायूं।** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के मोहल्ला बुद्ध बाजार निवासी दिव्यांग शिल्पी वार्ष्णेय ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से उन्होंने अपने घर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। जिसके चलते दूसरे पक्ष ने रास्ते में तिरपाल डाल दिया है। 3 मार्च को उन्होंने विरोध किया तो दूसरे पक्ष ने उनके साथ गाली-गलौज की। उनकी दिव्यांगता को लेकर टिप्पणी करने लगे। मारपीट भी की। उन्होंने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की तो कोतवाली जाकर तहरीर देने को कहा गया। वह अपने भाई के साथ व्हीलचेयर पर बैठकर कोतवाली गईं। जहां चार घंटे बैठाकर उनकी तहरीर लेकर रख ली। दो पुलिसकर्मियों को भेजा लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। महिला ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक करने को कहा लेकिन पुलिस ने वह भी चेक करना उचित नहीं समझा। महिला ने राज्य महिला आयोग को शिकायत भेजी है।

### फंदे पर मिला महिला का शव, परिवार में कोहराम

**वजीरगंज।** थाना वजीरगंज क्षेत्र के कस्बा सैदपुर में एक महिला का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। शव का फंदे से नीचे उतारा। फारेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा है। वजीरगंज क्षेत्र के गांव नदवारी निवासी नीता (35) पुत्री बॉबी की शादी तकरीबन आठ साल पहले थाना उघैती क्षेत्र के गांव सरैरा निवासी गजेंद्र कुमार के साथ हुई थी। उनकी कोई संतान नहीं थी। कुछ दिनों के बाद गजेंद्र कुमार कस्बा सैदपुर में मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग स्थित मस्जिद वाली गली में किराए पर कमरा लेकर नीता के साथ रहने लगे थे। गजेंद्र कुमार भवन बनाने का काम करते थे। शनिवार को वह गांव नदवारी में काम करने गए थे। देर शाम पड़ोसियों ने सूचना दी कि उनकी पत्नी ने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी है। वह मौके पर पहुंचे। मायका पक्ष भी आ गया। पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पहुंचे। उन्होंने फारेंसिक टीम को बुलाया। शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## मौसी के घर मिली 8 मार्च को अपहृत किशोरी

**वजीरगंज, अमृत विचार :** तीन दिन पहले अपहृत नाबालिग को पुलिस ने उसकी मौसी के घर से सकुशल बरामद कर लिया है। थाना वजीरगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 8 मार्च की आधी रात उनकी बेटी अचानक लापता हो गई थी। रिश्तेदारी में तलाशने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके तलाश शुरू कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक ने एसएसपी को मामले से अवगत कराया। एसएसपी ने टीम बनाकर बरामदगी का निर्देश दिया। किशोरी को कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक गांव में उसकी मौसी के घर से बरामद कर लिया। उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच की जा रही है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# थानाध्यक्ष के कमरे में रुपये के लेनदेन का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- भाजपा मंडल अध्यक्ष के इशारे पर सिपाही ने एक युवक को दिए रुपये
- पुलिस के अनुसार तीन महीने पुराना है वीडियो, की जाएगी जांच

**अमृत विचार :** उघैती क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वह उघैती थानाध्यक्ष के कमरे में बैठे हैं। एक सिपाही रुपये गिनकर उनके इशारे पर वहीं बैठे युवक को दे रहा है। वीडियो तीन महीने पुराना बताया जा रहा है। पुलिस अधिकारी जांच की बात कह रहे हैं।

शनिवार को वायरल वीडियो में सहसवान के कस्बा उघैती क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा उघैती थानाध्यक्ष के कमरे में बैठे हैं। एक सिपाही ने नोट गिने। मंडल अध्यक्ष की ओर रुपये बढ़ाए। मंडल अध्यक्ष ने पास में ही कुर्सी पर बैठे युवक को रुपये देने के लिए इशारा किया। सिपाही ने युवक को रुपये दे दिए। वीडियो तीन महीने पुरानी बताई गई है। उघैती थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि वीडियो उनके समय का नहीं है। अधिकारियों को जानकारी दी गई है।

वहीं महेश शर्मा ने बताया कि वीडियो देखा था। आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। कब और किसने वीडियो बनाया और बढ़ा चढ़ाकर दिखाया है इसकी जानकारी नहीं है। जांच करा ली जाए। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि वीडियो का मामला संज्ञान में आया है। मंडल अध्यक्ष को बुलाकर जानकारी की जाएगी। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

> वीडियो तीन महीने पुराना बताया जा रहा है। मामले की जांच कराई जाएगी जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> - राममोहन सिंह, एसपी देहात।

# पीएचसी में नहीं बैठते डॉक्टर, मरीजों को नहीं मिल रहा उपचार

संवाददाता, कछला

**अमृत विचार :** नगर पंचायत कछला में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगातार डॉक्टरों के नदारद रहने से अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हैं । अस्पताल में डॉक्टर काफी समय से ओपीडी में नहीं बैठ रहे हैं। जिससे मरीजों को परेशानी हो रही है। सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिलने से मरीजों को प्राइवेट चिकित्सक लूट रहे हैं।

सरकारी अस्पताल में तैनात डॉक्टर के कमरे में अधिकांश ताला लटका रहता है और औषधि वितरण कक्ष के ऊपर चिकित्सा अधिकारी का बोर्ड लगा दिया गया है। यहां डॉक्टर के नहीं मिलने पर मरीज हताश होकर वापस लौट जाते हैं । अस्पताल परिसर में बेशुमार गंदगी एवं जगह-जगह टूट फूट होने से खंडहर जैसे हालात हो गये हैं। पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश शर्मा के समय में सैकड़ों मरीज प्रतिदिन आते थे। अब यहां डॉक्टर के नहीं होने से मरीज बहुत कम आ रहे हैं। उन्हें भी यहां पर दवा नहीं मिल पाती है। फार्मासिस्ट ने बताया कि वह कुछ समय तक अपनी जिम्मेदारी के साथ-साथ ओपीडी भी संभालते रहे हैं। चिकित्सक जिला कारागार में ड्यूटी कर रहे हैं, अस्पताल को केवल नर्स पिंकी, सुषमा एवं लैब टेक्नीशियन महेश गौतम चला रहे हैं। यहां पर मरीजों को ठीक ढंग से देखने वाला कोई नहीं है जिससे मरीजों को परेशान होकर प्राइवेट डॉक्टरों के पास जाना पड़ रहा है।

- नर्स और लैब टेक्नीशियन के भरोसे चल रहा इलाज


सूना पड़ा कछला का स्वास्थ्य केंद्र। ● अमृत विचार

## शहर में आज

- संत निरंकारी सत्संग शहर के सोरों गेट स्थित हरप्यारी धर्मशाला में सुबह 10 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह भगवान परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।
- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरुकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।

## एक नजर

### परिवार परामर्श केंद्र की बैठक आज, रहेगी परिवारों को जोड़ने की पहल

**कासगंज।** परिवार परामर्श केंद्र की बैठक रविवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित होगी। इसमें परिवारों को जोड़ने की मुहिम चलेगी। काउंसलर टूटे हुए परिवारों को जोड़ने के लिए आपस में प्रयास करेंगे। हांलांकि, सफलता कितनी मिलेगी रविवार को काउंसलिंग के बाद ही स्पष्ट होगा। काउंसलर मनोज शर्मा ने बताया कि सुबह 10 बजे से बैठक में काउंसलिंग की शुरुआत हो जाएगी।

### दुबई थीम मेले में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आज

**कासगंज।** शहर के बारह पत्थर मैदान पर अमृत विचार की मीडिया पार्टनरशिप से लगे दुबई थीम कार्निवल मेले में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन गोपाल वेलफेयर सोसायटी द्वारा कराया जाएगा। यह जानकारी संस्था अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता 10 मार्च को शाम पांच बजे से मेला ग्राउंड पर बने सांस्कृतिक मंच पर होगी। प्रतियोगी प्रतियोगिता के दिन सुबह 12 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर प्रतियोगिता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# गंगा-सहायक नदियों को निर्मल बनाने में जुटी आधी आबादी

**सोरोंजी, अमृत विचार :** गंगा समग्र ब्रज प्रांत के बैनर तले नदियों को निर्मल बनाने का कार्य कर रही विभिन्न जिलों की महिलाओं को रविवार को तीर्थ नगरी सोरों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहां उनकी कार्यशाला होगी।

गंगा समग्र के प्रांत संयोजक डा. राधाकृष्ण दीक्षित ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर गंगा और उसकी सहायक नदियों पर कार्य करने वाली संस्था गंगा समग्र ब्रज प्रांत की गंगा सेविका आयाम की महिला सदस्यों की कार्यशाला सोरों में होगी। इसमें गंगा और उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता और निर्मलता तथा विभिन्न जनपदों की सहायक नदियों के प्रवाह आदि को लेकर गंभीर चर्चा और उनके प्रवाह को निरंतर बनाए रखने के लिए उपायों पर भी विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे।

इस कार्यक्रम में गंगा समग्र के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामाशीष, विभाग संघचालक उमाशंकर, विभाग प्रचारक कुलदीप सहित कासगंज, एटा, आगरा, अलीगढ़ आदि जिलों से महिलाएं रहेंगी।

**पहली बार शासन ने समय से भेजी पुस्तकें, नवाब तरौरा में किया गया भंडारण**

# स्कूलों में व्यवस्थित रूप से शुरू हो सकेंगे नए सत्र की कक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बड़ी संख्या में सभी विषयों की पुस्तकें पहुंचाई, बीआरसी पर भेजने की तैयारी

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में इस बार समय से नए सत्र की कक्षाएं व्यवस्थित रूप से शुरू होंगी। कारण विद्यार्थियों को समय से किताबें मिल जाएंगी। पहली बार ऐसा हुआ है जब समय रहते पुस्तकें मुख्यालय पहुंच गई हैं और यहां सत्यापन भी हो गया है। जल्द ही पुस्तकें ब्लॉक संसाधन केंद्रों तक पहुंच जाएंगी। हालांकि पुस्तकों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं हुई है, लेकिन छह ट्रक पुस्तकें अब तक पहुंच गई हैं। परिषदीय विद्यालयों के नए सत्र से पहले ही शासन ने पुस्तकें भेजी हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा की पहल पर यह हुआ है। यहां नवाब तरौरा कन्या विद्यालय सोरों गेट पर इन पुस्तकों का भंडारण किया गया है। यहां से धीमे धीमे सत्यापन के बाद पुस्तकें ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर भेजी जाएंगी। इसकी तैयारी तेजी से की गई है। बेसिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदार पुस्तकों को व्यवस्थित रूप से रखवा रहे हैं। इस बार उम्मीद है कि नई पुस्तकों से ही सभी विद्यार्थियों के बस्ते भर जाएंगे।

> पुस्तकें पहुंच गई हैं। अभी और भी पुस्तकें जल्द पहुंचेंगी। सोमवार तक स्थिति स्पष्ट कर देंगे कि कितनी पुस्तकें पहुंच चुकी हैं और किन किन विषयों की पुस्तकें आयी हैं।
> – **गौरव शाक्य**, जिला समन्वयक।

### पहले पुस्तक न मिलने पर ऐसे चलता था काम

पूर्व के वर्षों में देखा गया है नया शिक्षा सत्र शुरू होने पर पुस्तकें नहीं पहुंच पाती थी, ऐसे में जो विद्यार्थी पदोन्नत हो जाते थे, उनकी पुस्तकें उनके जूनियर विद्यार्थियों को दे दी जाती थी। इसी से वह तैयारी करते थे।

### परीक्षा से पहले नए सत्र की तैयारी

फिलहाल मार्च में बेसिक शिक्षा विभाग की परीक्षाएं होंगी, लेकिन परीक्षाओं से पहले ही नए सत्र शिक्षा सत्र की तैयारी कर ली गई है। तभी तो पुस्तकें समय रहते मुख्यालय पहुंचा दी गई है।

# सीवरेज लाइन का प्रस्ताव कागजों में अटका

## वर्षों पूर्व भेजे गए प्रस्ताव को मंजूरी मिलने का हुआ दावा, आगे नहीं बढ़ी प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** यहां कभी सीवर लाइन बिछी ही नहीं। पूर्व के प्रस्ताव ठंडे बस्ते में रहे, लेकिन अब नए सिरे से भी सीवर लाइन की कोई तैयारी नहीं है। हालांकि दावा किया जा रहा है कि पुराने प्रस्ताव को मंजूरी मिली है, लेकिन प्रक्रिया आगे बढ़ते हुए नहीं दिख रही। लिहाजा गंदा पानी नालों से होकर बहेगा। सीवर लाइन के रास्ते गंदा पानी निकालने की कोई तैयारी नहीं है।

सीवर लाइन बिछाने की जरूरत काफी लंबे समय से दिखाई दे रही है। सबसे अधिक जरूरत गंगेश्वर कॉलोनी, लवकुशनगर और पालनगर में है, क्योंकि यह कॉलोनियां काफी गहराई में है। यहां हल्की सी बरसात में भी तालाब का दृश्य बन जाता है। घरों तक पानी पहुंच जाता है, लेकिन पानी निकासी का कोई इंतजाम नहीं है। यदि सीवर लाइन यहां होती तो निश्चित ही यहां के लोगों को राहत मिल गई होती। इसके अलावा शहर के सोरों गेट, गांधी मूर्ति इलाका में भी सीवरेज लाइन की जरूरत है।



कासगंज शहर के नावल्टी रोड पर बना नाला, जो गंदगी से अटा पड़ा है। ● अमृत विचार

- गंदगी के चलते बारिश में उफनेंगे नाले-नालियां, जगह-जगह जलभराव के बनेंगे हालात

**जनप्रतिनिधियों ने भी नहीं दिया ध्यान :** हर साल शहर गंदे पानी से लबालब होता है। गंदगी गलियों में जमा होती है। चुनाव आते हैं। जनप्रतिनिधि एवं उम्मीदवार वोट मांगने जाते हैं, लेकिन सीवर लाइन की समस्या कभी मुद्दा नहीं बन सकी। हालांकि पालिकाध्यक्ष मीना माहेश्वरी का दावा है कि पूर्व के प्रस्ताव को हरी झंडी मिल गई है लेकिन धरातल पर देखा जाए तो प्रक्रिया अभी आगे नहीं बढ़ी है।

> लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से सीवरेज लाइन के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। यह प्रस्ताव काफी पुराना था। अब जल्द ही शासन स्तर से अग्रिम कार्यवाही हो सकती है।
> – मीना माहेश्वरी, पालिकाध्यक्ष

> सीवर लाइन के लिए कोई निर्देश जल निगम को नहीं मिले हैं। अभी तक कोई तैयारी स्थानीय स्तर पर नहीं है। उच्चाधिकारियों से कोई मार्गदर्शन मिलेगा तब कुछ प्रस्ताव तैयार करने पर विचार होगा। –**डीके सिंह**, अधिशासी अभियंता जल निगम

## समन्वय विभाग की समितियों का गठन

**कासगंज, अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समन्वय विभाग की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर बिलराम गेट पर आयोजित हुई। कार्यकर्ताओं को मंत्र दिया गया। कासगंज एवं सोरों की समन्वय समितियों का गठन किया गया। इसके अलावा 14 अन्य श्रेणियों के कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई।

विभाग प्रचारक कुलदीप के नेतृत्व में 100 विधानसभा क्षेत्र कासगंज नगर, सोरोंजी की समन्वय समिति का गठन किया गया और कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। नगर समन्वयक विनीत, सह समन्वयक चिराग मूना, विनोद कुशवाहा, ओमकार सैनी एवं नगर मीडिया प्रभारी शशांक शारदा, सह मीडिया प्रभारी शिवम चौहान, हर्षित गौड, सोरों में नगर समन्वयक अमित अग्रवाल, मीडिया प्रभारी सत्यम चतुर्वेदी, सह मीडिया प्रभारी अभिषेक वशिष्ठ बनाए गए हैं। इस मौके पर अमलेंदु शर्मा, जमुना प्रसाद, होशियार सिंह, जगदीश आदि रहे।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख भाजपा में शामिल

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सांसद ने ग्रहण कराई पार्टी की सदस्यता, किया गया स्वागत

**अमृत विचार :** शनिवार को सिढ़पुरा के पूर्व ब्लॉक प्रमुख अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बीजेपी में शामिल हुए।

सांसद राजवीर सिंह ने कहा कि भाजपा की नीतियां राष्ट्रवादी है। जातिवाद से ऊपर उठकर सभी वर्गों के लिए काम कर रहे हैं। पार्टी में शामिल हुए डॉक्टर रविकांत शाक्य ने कहा की वह भाजपा की नीतियों और सरकार द्वारा सभी वर्गों के साथ बिना भेदभाव के किए जा रहे कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं।

सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, अमांपुर के विधायक हरिओम वर्मा, जिला अध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर सूरज सिंह शाक्य, राजेन्द्र वोहर, डीएस लोधी बॉबी कश्यप, कुलदीप प्रतिहार, खूब सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



पूर्व ब्लॉक प्रमुख को भाजपा में शामिल करते सांसद राजवीर सिंह।

# संदेशखालि में महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं पर संगठनों में गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** संदेशखालि में महिलाओं के साथ हो रही घटनाओं को लेकर कई संगठनों ने रोष व्यक्त किया है। घटनाओं पर रोक लगाए जाने के साथ ही निष्पक्ष रूप से जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग राष्ट्रपति से की है। अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में एसडीएम को दिया है।

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर संदेशखालि की घटनाओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। बजरंग दल के जिला संयोजक दीपक गुप्ता ने कहा कि बंगाल के संदेशखालि में महिलाओं और परिवारों पर अत्याचार हो रहा है। ईडी के अधिकारियों पर भी हमला किया गया। महिला उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ रही हैं। उनका यौन शोषण हो रहा है। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार साहू एवं महामंत्री नवीन सक्सेना ने इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति द्वारा इस मामले में दखल दिया जाना स्वागत योग्य है। कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी विनोद कुमार जोशी को दिया, जिन्होंने राष्ट्रपति को भेजने का आश्वासन दिया है।

इस मौके पर सत्येंद्र सिंह, नंदकिशोर, विश्वनाथ चौहान, धनंजय पंडित, विनय राज माहेश्वरी, राजा सत्यम, जगदीश प्रसाद विरथरे, लखन प्रताप, संजू कुमार, गोविंद महेरे, यश महेरे, विशाल गोविंद आदि हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट पर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते कई संगठनों के कार्यकर्ता।

- कई संगठनों ने जताया आक्रोश कार्रवाई की मांग की
- राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया

## पोलिंग बूथों पर व्यवस्थाएं कर ली जाएं पूर्ण

**कासगंज, अमृत विचार :** डीएम एवं एसपी ने शनिवार को सहावर क्षेत्र में भ्रमण कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। वहीं, बूथों का निरीक्षण कर लोकसभा चुनावों के मद्देनजर व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लेने के निर्देश अधीनस्थों को दिए।

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना अभी जारी नहीं हुई है, लेकिन जिला प्रशासन जोर-शोर से तैयारियों में जुटा है। डीएम सुधा वर्मा और एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस बल और अधीनस्थों के साथ सहावर क्षेत्र के मतदान केंद्र इस्लामियां इंटर कालेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय सहावर, प्राथमिक विद्यालय कादरगंज, एमआर हायर सेकेंड्री स्कूल गंजडुंडवारा, प्राइमरी विद्यालय अल्लीपुर का निरीक्षण किया। चुनाव के लिए बनाए जाने वाले बूथों को लेकर अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सभी व्यवस्था पूर्ण कर ली जाएं। एसपी ने कहा कि मतदान केंद्रों के आसपास ईंट और पत्थरों के ढेर नहीं लगने चाहिए। मतदान केंद्र मार्ग पर अतिक्रमण न हो। आसपास की छतों पर लोग ईंट-पत्थर न जमा कर सके। अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं से बातचीत की। पूर्व में हुए मतदान के दौरान घटित हुई घटनाओं की भी जानकारी ली। मतदाताओं से कहा कि निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करें। मतदान सभी संवैधानिक अधिकार है। इस मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

# अब खेलकूद सकेंगे बंदियों के बच्चे, मिले खिलौने



दिए गए स्लाइडर पर खेलता बंदी महिला का बालक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने दिए खिलौने तो खिले बच्चों के चेहरे
- संस्था की इस पहल के लिए जेल अधीक्षक ने जताया आभार

**अमृत विचार :** जिला कारागार में निरुद्ध बंदी महिलाओं के साथ रह रहे बच्चे अब जेल में खेलकूद कर मनोरंजन कर सकेंगे। भारतीय मानवाधिकारी एसोसिएशन को जेल प्रशासन को खिलौने भेंट किए हैं। संस्था की इस पहल के लिए जेल अधीक्षक ने आभार व्यक्त किया है।

जिले में मानवाधिकार के लिए कार्य कर रही संस्था भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने शनिवार को जिला जेल में पहुंचकर महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों से मुलाकात की। बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य और बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया। बंदी महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें। जिससे बच्चे बड़े होकर अपना भविष्य संभालें। देश के लिए रचनात्मक कार्य करें। संस्था द्वारा बच्चों के मनोरंजन के खिलौने उपहार स्वरूप जेल प्रशासन को दिए गए। जेल अधीक्षक विजय विक्रम सिंह ने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। इससे बंदियों के बच्चे स्वस्थ मनोरंजन कर सकेंगे। उनका शारीरिक और मानसिक विकास होगा। उन्होंने संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। एसोसिएशन के जिला प्रभारी किशन शक्वी, अध्यक्ष विजय राजपूत, कोषाध्यक्ष सीपी द्विवेदी, संरक्षक नन्नू सिंह वर्मा, सुरेश कुमार सिद्धार्थ, उपकारापाल संदीप भास्कर, कौशलेंद्र कुमार मौर्य, सरोज वर्मा मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों ने किया संबोधित



**कासगंज।** भारतीय जनता पार्टी अमांपुर विधानसभा क्षेत्र का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन सहावर में आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में भाजपा नेताओं ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता जुटे। क्षेत्रीय सांसद राजवीर सिंह ने कहा कि बूथ की मजबूती से ही मुकाम मिलता है। हमें हर हाल में अपने बूथ को मजबूत बनाना है। एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी है। हर बूथ पर हर वर्ग का व्यक्ति भाजपा से जुड़ा हुआ है। भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी ने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर के प्रत्येक कार्यकर्ता की अहम जिम्मेदारी है। इस मौके पर विजेंद्र सिंह शाक्य, भोले, सुरेश शाक्य, बृजकिशोर शाक्य, रामपाल सिंह शाक्य, त्रिमल सिंह शाक्य, पदम सिंह शाक्य, ओमकार सिंह शाक्य, तेजपाल सिंह, राजू शाक्य, विनीत शाक्य, मनोज, सूर्यकांत, अजयपाल, नौवत, शेर सिंह आदि रहे।

### डीएम ने शिकायतों के निस्तारण को दिए निर्देश



**कासगंज।** शनिवार को जिले के सभी कोतवाली और थानों पर थाना समाधान दिवस लगाया गया। पुलिस और राजस्व के अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को सुन समाधान की दिशा में प्रयास किए। सिढ़पुरा थाने में जनसुनवाई के दौरान डीएम सुधा वर्मा और एसपी अपर्णा रजत कौशिक के समक्ष फरियादियों की भीड़ लगी। अधिकारियों के समक्ष लगभग दो दर्जन शिकायतें दर्ज कराई गईं। सदर कोतवाली, गंजडुंडवारा कोतवाली, सोरों कोतवाली, पटियाली कोतवाली, थाना सिकंदरपुर वैश्य, ढोलना, सुन्नगढ़ी, अमांपुर, सहावर में भी एसडीएम और सीओ ने आए फरियादियों को सुना। राजस्व और पुलिस की टीम बनाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

### भरगैन में सपा की जनपंचायत आज

**भरगैन।** पटियाली विधानसभा क्षेत्र के कस्बा भरगैन के मोहल्ला अहमद थोक में रविवार को पीडीए जनपंचायत का आयोजन होगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि सपा के एटा लोक सभा क्षेत्र के प्रत्याशी देवेश शाक्य और विशिष्ट अतिथि पटियाली विधायक नादिरा सुल्तान शामिल होंगी। सपा के नाबिद खान छोटू ने सभी लोगों से आने की अपील की है।

**परेशानी** | शाम होते ही गांव के गली और कूचों में छा जाता है अंधकार, फसलों की सिंचाई हो रही प्रभावित

# गुरहना के ग्रामीणों को एक माह से नहीं मिली बिजली

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** विकास खंड कासगंज के गांव गुरहना में विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के चलते ग्रामीणों और किसानों को एक माह से बिजली नहीं मिल रही है। शाम होते ही गली और कूचों में अंधकार छा जाता है। फसलों की सिंचाई क लिए भी पानी न मिलने से किसान परेशान है। परेशान किसान आंदोलन का मन बना रहे हैं।

लगभग एक माह पूर्व विभागीय कर्मचारियों ने गांव में लगे ट्रांसफार्मर गांव के बाहर शिफ्ट किए और केबिल उतार ली थी। ग्रामीणों को बताया गया था कि एक दो दिन में लाइन चालू हो जाएगी। नलकूपों और घरेलू बिजली को अलग-अलग किया जा रहा है। इसके बाद अब लगभग एक माह हो गया। लाइन चालू नहीं की गई है। बोर्ड परीक्षार्थियों ने बिना लाइट के ही परीक्षाएं दीं। किसान और ग्रामीण विभागीय अधिकारियों से मनुहार कर थक गए, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात है। गांव में शाम होते ही अंधकार छा जाता है। सिंचाई के लिए भी पानी की जरूरत है। परेशान किसानों का कहना है कि अधिकारी सुन नहीं रहे हैं। जिलाधिकारी के यहां दस्तक देंगे। यदि फिर भी सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे।



विद्युत आपूर्ति सुचारू किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण और किसान।

### ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जताया आक्रोश

बीते एक माह से विद्युत आपूर्ति न मिलने से गांव गुरहना के ग्रामीण और किसानों का आक्रोश फूट गया। लामबंद हुए आक्रोशित ग्रामीणों ने गांव में विद्युत विभाग के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया। विद्युत आपूर्ति सुचारू किए जाने की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि आपूर्ति नहीं मिली तो सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेंगे। कपिल, कुंदन, मंगल, सफी मोहम्मद, रामबाबू, अरमान, जाकिर, हसीन, इकरार, निजाम, अरबाज सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



> एक माह से गांव में बिजली नहीं आ रही है। कई बार प्रधान के द्वारा शिकायत की गई लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।
> – **सफी मोहम्मद**



> खेती-बाड़ी करने में समस्या आ रही है। समय पर पानी नहीं लग पा रहा है। फसलों को नुकसान हो रहा है। गेहूं की उपज कम होगी।
> – **गुड्डू चौहान**



> रमजान शुरू होने वाले हैं। बिजली की समस्या बरकरार बनी हुई है। बिजली विभाग पर कई बार शिकायत की है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।
> – **इकरार**



> विभाग के अधिकारी नहीं सुन रहे हैं। अब डीएम के यहां जाकर गुहार लगाएंगे। विभाग को गांव की आपूर्ति सुचारू करनी चाहिए।
> – **अतुल कुमार**

### आकाशवाणी के पूर्व उद्घोषक हुए सम्मानित

**कासगंज।** आकाशवाणी मथुरा के पूर्व उद्घोषक व कासगंज निवासी डा. श्रीकृष्ण शरद को राजस्थान में सम्मान मिला है। राष्ट्रीय भाषा हिंदी और ब्रज भाषा के क्षेत्र में बेहतर योगदान देने को उन्हें साहित्य मंडल श्रीनाथ द्वारा राजस्थान की ओर से उपाधि पत्र दिया गया है। साथ ही नगद धनराशि से भी सम्मानित किया गया है। सहित्यिक मंडल के प्रधानमंत्री श्याम प्रकाश देवपुरा एवं अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, प्रोफेसर हरनिमोही ने उन्हें सम्मानित किया है।

### धारा 144 जिले में 22 मार्च तक रहेगी लागू

**कासगंज।** जिला मजिस्ट्रेट सुधा वर्मा ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 एवं हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं व संवेदनशीलता के दृष्टिगत जिले में शांति व्यवस्था एवं जनसुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से सभी नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों सहित जिला कासगंज की संपूर्ण सीमा में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के लागू की है। यह आदेश 22 मार्च तक प्रभावी रहेंगे।

# खेलते समय घर के पास नाली में गिरी पांच साल की बच्ची, मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सोरों कोतवाली के गांव बसंत नगर का है मामला

**अमृत विचार :** सोरों कोतवाली के गांव बसंत नगर में घर के बाहर खेल रही बच्ची नाली में जा गिरी जिससे उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की जानकारी पर पुलिस पहुंच गई थी, लेकिन परिजनों ने किसी भी कार्रवाई से इनकार कर दिया।

गांव बसंत नगर निवासी कुमरपाल की पांच वर्षीय बच्ची आस्था हम उम्र बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते वह नाली तक जा पहुंची और पैर फिसल जाने से इसमें गिर गई। क्योंकि नाली में कीचड़ और पानी था। जब तक परिजनों को इसकी जानकारी मिली और वे मौके पर पहुंचे और बच्ची को बाहर निकाला तो उसकी सांसें चल रही थी, लेकिन हालत गंभीर थी। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पिता कुमरपाल ने बताया कि घटना इत्तेफाकिया है। इस मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं कराई गई है। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार किया है।

# लोडर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

## घटना को अंजाम देकर वाहन छोड़ मौके से भाग गया चालक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पुलिस ने वाहन कब्जे में लिया, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की


मृतक लक्ष्य


मृतक आशीष

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में लोडर वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन को कब्जे में लिया है। शवों को पोस्टमार्टम को भेजा है। युवकों की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

सदर कोतवाली के गांव नदरई निवासी 18 वर्षीय लक्ष्य माहेश्वरी एवं थाना सिढ़पुरा के गांव नगला कलक्टर निवासी 20 वर्षीय आशीष पुत्र राज कुमार गांव नदरई से बाइक द्वारा कासगंज जा रहे थे। जब बाइक सवार नदरई कासगंज मार्ग पर गांव बांकनेर के निकट थे कि तभी कासगंज की ओर से एटा की ओर जा रहे तेज रफ्तार लोडर वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देकर लोडर वाहन चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गया। स्थानीय लोगों ने सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही नदरई चौकी पुलिस और कोतवाली प्रभारी सुधीर राघव मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घायल युवकों को उपचार के लिए जिला अस्पताल को भेजा। जहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी परिजनों को मिल गई थी। वह भी मौके पर पहुंच गए थे। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल था। घटना के संबंध में चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है।

> लोडर वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक लक्ष्य और आशीष की मौत हुई है। दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोडर वाहन पुलिस के कब्जे में है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वाहन चालक की तलाश की जा रही है।
> –सुधीर राघव, इंस्पेक्टर

### इंटर के परीक्षार्थी थे दोनों युवक

सड़क हादसे का शिकार हुए नदरई निवासी लक्ष्य और सिढ़पुरा थाना क्षेत्र के गांव नगला कलक्टर निवासी आशीष दोनों ही इंटरमीडिएट के छात्र थे। बताया जाता है कि आशीष नदरई में रह रहे अपने फूफा भीकमपाल के यहां रहकर बोर्ड की परीक्षाएं दे रहा था। दोनों ही परीक्षार्थी पढ़ने में भी होशियार बताए गए हैं।

# उपचार के दौरान अधेड़ की मौत, हुई नोकझोंक

**कासगंज, अमृत विचार:** अमांपुर थाने के गांव नगला मनु निवासी राजीव के ताऊ बुखार से पीड़ित थे। उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था जहां उनकी मौत हो गई। इस दौरान परिजनों की डॉक्टर से नोकझोंक हुई।


मृतक भंवर पाल

राजीव अपने ताऊ 53 वर्षीय भंवर पाल सिंह को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, लेकिन वहां एक निजी एंबुलेंस संचालक के संपर्क में आ गए। उसने कहा कि यहां अच्छा उपचार नहीं होगा। अच्छे उपचार के लिए सस्ते और अच्छे अस्पताल में ले चलते हैं। उसके बाद वह मरीज और तीमारदारों को एंबुलेंस से एक निजी अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हालांकि, कोई विधिक कार्रवाई नहीं हुई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अभी तक किसी ने कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया है। वहीं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव अग्रवाल ने बताया कि न तो किसी ने लिखित शिकायत की है और न ही कोई एफआईआर हुई है।

# भट्ठा व्यापारी से दिनदहाड़े लूट, दो संदिग्ध पकड़े गए

संवाददाता, सोरोंजी

- सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव गोरहा के समीप हुई वारदात
- जानकारी पर सक्रिय हुई पुलिस जल्द खुलासे का किया दावा

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव गोरहा के समीप लुटेरों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। भट्ठा व्यवसायी को डराने के साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए 16600 रुपये लूट लिए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है, हालांकि दो संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। जबकि तीसरा संदिग्ध फरार है। सीओ सिटी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

कासगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव सैलई निवासी पिंकू वशिष्ठ पुत्र रामसनेही वशिष्ठ भट्ठा व्यवसायी हैं। वह शनिवार की शाम लगभग 4:30 बजे सोरों क्षेत्र के गांव प्रहलादपुर से अपने एक उपभोक्ता से 16600 रुपये ईंट की उधारी का बकाया लेकर वापस जा रहे थे। जब वह गोरहा के समीप पहुंचे, तभी एक व्यक्ति ने उनकी इलेक्ट्रिक स्कूटी को रोकने का इशारा किया। उन्होंने स्कूटी रोक कर जबरन लिफ्ट देने को कहा। जब उन्होंने मना किया तो उसने अपनी आवाज का इशारा करते हुए अपने अन्य साथियों को बुला लिया। झाड़ियों से साथी निकल आए। आरोप है कि उन दोनों साथियों ने बेल्ट गले में फंसा दी और जिसने स्कूटी रोकी, उसने चाकू का डर दिखाया। जान से मारने की धमकी दी। 16600 रुपये लूट लिए। आरोपी भागने लगे तभी पिंकू ने दौड़ लगाकर एक आरोपी को पकड़ लिया और बचाव के लिए ग्रामीणों को बुलाया। इधर ग्रामीणों ने भी दौड़ लगाई तो दूसरा आरोपी पकड़ा गया। हालांकि अभी किसी का नाम स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। तीसरे व्यक्ति अब भी फरार है। पुलिस का दावा है कि पूछताछ के बाद अग्रिम कार्रवाई होगी और नाम उजागर करते हुए खुलासा किया जाएगा। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

> 16600 की लूट हुई है। इस मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में ले लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। – **भोजराज अवस्थी**, इंस्पेक्टर सोरोंजी

# मौसम के बदलते ही शुरू हुआ मच्छरों का 'प्रकोप'

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


शहर के नावल्टी रोड पर लगा गंदगी का लगा ढेर।

- व्यवस्थित नहीं है सफाई व्यवस्था, गंदगी बन रही मुसीबत, लोग परेशान
- शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर सफाई व्यवस्था की दिख रही जरूरत

**अमृत विचार :** मार्च माह का प्रथम पखवाड़ा है, लेकिन इस माह में अब मच्छरों का ''मार्च'' शुरू हो गया है। तेजी के साथ मच्छर पनप रहे हैं। वैसे तो जिले में कई तरीके के मच्छर हो सकते हैं, लेकिन इसकी सरकारी पड़ताल नहीं हो पा रही है। जिले में मच्छरों के घनत्व सर्वेक्षण के लिए कोई भी यूनिट नहीं हैं। हर साल मौतें होती हैं, लेकिन कभी भी यहां घनत्व सर्वेक्षण नहीं हुआ।

जैसे जैसे मौसम बदल रहा है वैसे-वैसे मच्छर भी बढ़ रहे हैं। शहर से लेकर गांव तक मच्छरों का प्रकोप है। मच्छरों के काटने से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसी बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ गई हैं। मलेरिया और डेंगू के रोगी मिलने की सरकारी पुष्टि भी हो चुकी है, लेकिन जिले में इन रोगों से लड़ने के इंतजाम नाकाफी हैं। यहां मलेरिया विभाग तो है, लेकिन वह संसाधनों और कर्मचारियों के अभाव में बेबस दिखाई दे रहा है। यहां घनत्व सर्वेक्षण के लिए यूनिट है और न ही कभी यह सर्वे किया गया कि कितने प्रकार के मच्छर हैं और यह किस प्रकार के रोगों को जन्म दे रहे हैं। सिर्फ मलेरिया और डेंगू की जांच के इंतजाम हैं। उसी जांच के आधार पर उपचार के प्रयास शुरू किए जाते हैं। रोगी को राहत न मिले तो उसे रेफर कर दिया जाता है। पिछले साल डेंगू से जिले में दर्जन भर से अधिक मौतें हुईं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग बेबस दिखाई देता रहा। डेंगू पीड़ितों को रेफर कर स्वास्थ्य विभाग अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ता रहा और सरकारी आंकड़ों में मौतों की पुष्टि से बचता रहा।

> सभी ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। सभी सफाई कर्मचारी अपने अपने तैनाती स्थल पर नियमित पहुंच रहे हैं। उन्हें चेतावनी दी है कि यदि लापरवाही हुई तो कार्रवाई होगी।
> – देवेंद्र सिंह, डीपीआरओ

### साफ-सफाई के नहीं हैं बेहतर इंतजाम

शहर से लेकर गांव तक साफ-सफाई के बेहतर इंतजाम नहीं है। लोगों का कहना है कि बदलते मौसम में जिस तरह से मच्छर का प्रकोप बढ़ रहा है। ऐसे में मच्छरों से बचाव के लिए सफाई की बेहतर जरूरत है। विशेष अभियान चलाकर सफाई कराई जानी चाहिए।

# कोचिंग सेंटर संचालक का रेलवे पटरी पर मिला शव

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- शुक्रवार को घर से बाइक से मेला देखने गए थे
- मौके से नहीं मिली बाइक, एटा के राजा का रामपुर निवासी थे

**अमृत विचार :** कासगंज-कानपुर रेल मार्ग पर पटियाली थाना क्षेत्र के रुदायन स्टेशन के समीप कोचिंग सेंटर संचालक का रेल पटरी पर क्षत-विक्षत शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौत से परिवार के लोगों का रो-रोकर हाल बेहाल है।


मृतक ब्रह्मानंद

जिला एटा के राजा का रामपुर निवासी 22 वर्षीय ब्रह्मानंद पुत्र सुभाष कोचिंग सेंटर चलाते हैं। शुक्रवार की सुबह वह घर से यह कहकर निकले थे कि थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव नगला डंमर में मेला देखने जा रहे हैं, लेकिन देर रात तक वे घर नहीं पहुंचे तो परिजनों को चिंता सताने लगी। रात तो इंतजार में कट गई। सुबह परिजनों को सूचना मिली कि जिला कासगंज के पटियाली थाना क्षेत्र में कासगंज कानपुर मार्ग पर रुदायन रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर ब्रह्मानंद का क्षत-विक्षत शव पड़ा है। जानकारी पर पिता सुभाष परिजनों और शुभचिंतकों के साथ मौके पर पहुंचे और बेटे के शव को देखकर विलाप करने लगे। रेल प्रशासन द्वारा सूचना पुलिस को दी जा चुकी थी। मौके पर पहुंचे पटियाली के इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। परिजनों से पूछताछ की और शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि पिता ने पूछताछ में बताया कि ब्रह्मानंद घर से नाराज होकर निकला था। मामले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

### ट्रेन की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

**कासगंज।** कासगंज-कानपुर रेल मार्ग पर सहावर रेलवे स्टेशन के निकट एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर 78 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची कासगंज जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वृद्धा की मौत से परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है। घटना शुक्रवार रात लगभग नौ बजे की है। जब छपरा एक्सप्रेस सहावर स्थित रेलवे क्रॉसिंग से गुजर रही थी। फाटक बंद होने के बावजूद भी एक वृद्ध महिला ने रेल लाइन क्रॉस करने का प्रयास किया कि वह छपरा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गई और उसकी मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने रात में ही अज्ञात में पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जीआरपी उपनिरीक्षक स्वदेश कुमार ने बताया कि शनिवार की सुबह शव की पहचान हुई है। शव जशोदा पत्नी मूलचंद्र निवासी बहापुर थाना सहावर का है। शव की पहचान महिला के परिजनों ने की है। उन्होंने बताया कि घटना छपरा एक्सप्रेस ट्रेन से हुई है।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वय बैठक आज

**जलेसर, अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अन्य संगठनों की समन्वय बैठक10 मार्च को प्रातः 11 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर में होगी।सह जिला कार्यवाह विनोद कुमार धनगर ने बताया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विद्या भारती, भारतीय किसान संघ, भाजपा एवं अन्य संगठनों की बैठक में लोकसभा चुनावों को दृष्टिगत विचार विमर्श एवं तैयारी पर चर्चा होगी। लोकसभा समन्वयक पंकज खंडेलवाल,एटा के विभाग प्रचारक कुलदीप कुमार व अन्य मौजूद रहेंगे।

### जिला स्तरीय समिति की बैठक 11 को

**एटा।** अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन ने बताया कि जिला स्तरीय समिति के सदस्य व संयोजक के रूप में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उन्होनें बताया समिति के कार्यों की समीक्षा हेतु 11 मार्च 2024 को अपरान्ह 4 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में एक आवश्यक बैठक आहूत की जायेगी।

# विद्युत विभाग की मनमानी से हाईटेक शिक्षा को ग्रहण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सरकारी स्कूलों में विधिवत संचालित नहीं हाईटेक कक्षाएं
- स्कूल समय में व्यवस्थित रूप से नहीं मिल पाती है विद्युत आपूर्ति

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों को हाईटेक करने की पहल को ग्रहण लग रहा है। लड़खड़ाती विद्युत आपूर्ति स्मार्ट क्लास संचालन में बाधा बन रही है। पहले से ही ग्रामीण क्षेत्रों में सात दिन तक सात रात के रोस्टर की व्यवस्था ने फंसी तकनीकी शिक्षा को और उलझा दिया है।

शासन बेसिक शिक्षा के स्कूलों में बेहतर शिक्षण व्यवस्था बनाए रखने को नित नए प्रयास कर रहा है, लेकिन सरकारी महकमे ही शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने में कहीं न कहीं बाधा बन रहे हैं। जिले के परिषदीय स्कूलों को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है। स्मार्ट टीवी लगाकर स्मार्ट क्लास का संचालन किया जा रहा है, लेकिन विद्युत विभाग की अनदेखी स्मार्ट क्लास की व्यवस्था को प्रभावित किए हुए हैं। समय से आपूर्ति न होने के कारण स्मार्ट क्लास में टीवी के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा नहीं मिल पा रही। व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित है। शिक्षक चाह कर भी स्मार्ट क्लास व्यवस्था को प्रभावी नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत विभाग पहले से ही सात दिन रात्रि और एक सप्ताह दिन में विद्युत आपूर्ति देता है। ऐसे में दिन की कटौती में तो सात दिन की व्यवस्था पहले से ही प्रभावित है।

> स्कूलों में स्मार्ट क्लास संचालित हैं। यहां टीवी और प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षित किया जा रहा है। स्कूलों में नवाचार हो रहे हैं। स्कूल समय में विद्युत आपूर्ति व्यवस्थित रूप से मिलती रहे।
> – **राजीव कुमार**, बीएसए

> व्यवस्थित रूप से रोस्टर के अनुसार आपूर्ति दी जाती है। रोस्टर उच्च अधिकारियों द्वारा तैयार किया जाता है। फिर भी जानकारी करेंगे कि स्कूल समय पर विद्युत आपूर्ति की क्या व्यवस्था है। – **मनोज कुमार**, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग

# शराब के सेवन से युवक की बिगड़ी हालत, मौत

**कासगंज, अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला नबाव गली जाटवान निवासी 30 वर्षीय इलू पुत्र मनोज की शुक्रवार रात को हालत बिगड़ गई। उसकी नाक और मुंह से खून आने लगा। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद इलू को मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल में मृतक के भाई ने बताया कि उसका भाई शराब पीने का आदी था और शुक्रवार को भी उसने अधिक शराब पी रखी थी। मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं की गई है।

### बेहोशी की हालत में मिला मैनपुरी का युवक

**एटा।** कोतवाली नगर क्षेत्र के जीटी रोड स्थित गल्लामंडी और गोपाल गोशाला के मध्य एक व्यक्ति बेहोशी हालत में पड़ा मिला। उसको शुक्रवार की देर रात उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। शिनाख्त होने पर पता चला कि यह युवक मैनपुरी के कुरावली थानान्तर्गत ग्राम अकबरपुर झाला निवासी अभिनाष पुत्र ब्रम्मानंद है। सूचना पर पिता भी अस्पताल पहुंच गए। बताया गया कि उसको किसी ने नशीले पदार्थ का सेवन कराया है।

### वेतन मांगने पर घर में घुसकर मारपीट

**अलीगंज।** क्षेत्र के गांव कैल्ठा निवासी विनोद कुमार पुत्र मिजपाल का कहना है कि वह गांव के नीलेश पुत्र चन्द्रपाल का ट्रक चलाता है। जब पीड़ित ने अपनी तनख्वाह मांगी तो नीलेश समेत तीन लोगों द्वारा घर में घुसकर गाली गलौज की और मारपीट कर चोटिल कर दिया। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

**जलेसर।** कोतवाली क्षेत्र के नगला धनी निवासी चन्द्रपाल का कहना है कि क्षेत्र के गांव खेड़ा निवासी श्यामवीर सिंह यादव समेत पांच लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने एससीएसटी एक्ट तथा विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।


VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084





डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज -------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज करें 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

बिकाऊ
250 वर्गगज का बरेली में 4-बेड वाला बंगला, डी2/वी-40, दीनदयाल पुरम्, 207.756 वर्गमीटर का प्लॉट, 9 मीटर चौड़ी सड़क। अच्छी कनेक्टिविटी, कीमत-3 करोड़।
7977759352, 9920254054

बिकाऊ है
200 वर्गगज में निर्मित मकान बिकाऊ है पवन विहार कालोनी, बरेली, पीलीभीत बाईपास रोड केवल वास्तविक खरीददार ही संपर्क करें- 9457760563, 9755059287

बिकाऊ है
100 वर्गगज में बना मकान, दो मंजिला, सभी सुविधाओं सहित, गोकुल धाम कालोनी, महानगर के सामने, बरेली
सम्पर्क करें - एम.के. शर्मा
मो. 7409993500

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

